mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-264 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
23 सितंबर 2024 सोमवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



टेस्ट प्रारुप में ...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### ममता की 2 दिन में पीएम को दूसरी चिट्ठी

- आरोप-बंगाल की बाढ़ मैन मेड,पानी छोड़ने से पहले नहीं ली सलाह

**कोलकाता (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में आई बाढ़ पर पीएम मोदी को एक और लेटर लिखा है। 2 दिन के अंदर लिखी दूसरी चिट्ठी में ममता ने आरोप लगाया है कि दामोदर घाटी निगम ने उनसे सलाह लिए बिना पानी छोड़ा, जिससे बंगाल के जिले डूब गए। इससे पहले ममता ने 20 सितंबर को भी पीएम नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी थी। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि दामोदर घाटी निगम के तहत



आने वाले बांधों से 5 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण बंगाल में बाढ़ आई है। इधर, बंगाल सरकार और केंद्र के बीच चल रही जुबानी जंग के बीच राज्य के बिजली सचिव शांतनु बसु ने बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। बसु के अलावा बंगाल के सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर ने भी रेगुलेशन कमेटी से इस्तीफा दे दिया है। दामोदर घाटी जलाशय विनियमन समिति में केंद्रीय जल आयोग, पश्चिम बंगाल, झारखंड और दामोदर वैली निगम के प्रतिनिधि होते हैं। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री का दावा है कि बांधों से पानी छोड़ा जाना पश्चिम बंगाल सरकार के प्रतिनिधियों से परामर्श लेने, दामोदर घाटी रिजर्वायर रेग्युलेशन कमेटी की सहमति और सहयोग से किया गया था। मैं इससे असहमत हूं।

### देशभर के रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलान

- हरियाणा में महापंचायत के बाद किसानों का फैसला

**कुरुक्षेत्र (एजेंसी)।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में रविवार को हुई किसानों की महापंचायत में फैसला लिया गया है कि 3 अक्टूबर को पूरे देश में रेल ट्रैक जाम रखा जाएगा। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हरियाणा में पंचायतें कर भाजपा की ओर से किसानों पर किए अत्याचार को याद कराया जाएगा। पंधेर ने कहा कि किसान हरियाणा में भाजपा की हार में हिस्सेदार बनेगा। किसान महापंचायत में सरवन सिंह पंधेर के साथ जगजीत सिंह डल्लेवाल, अमरजीत सिंह मोहड़ी सहित कई किसान नेता शामिल हुए। पिपली गांव में हुई महापंचायत के बाद सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि भाजपा सरकार ने जिस प्रकार के अत्याचार



किसानों पर किए हैं, अब हरियाणा में इसका बदला लेने का समय आ गया है। हम पंचायत कर हरियाणा के किसानों को याद दिला रहे हैं कि किस प्रकार से किसानों पर बल का प्रयोग किया गया और किस प्रकार से किसान शुभकरण को शहीद किया गया। पंधेर ने बताया कि 3 अक्टूबर को भारत भर में 2 घंटे के लिए रेलवे ट्रैक जाम किए जाएंगे। आने वाले समय में किसान आंदोलन को और भी गति दी जाएगी। वहीं, किसान नेता अमरजीत सिंह मोहड़ी ने कहा कि हमारे आंदोलन का उद्देश्य दूसरे राजनीतिक दलों को भी सचेत करना है कि अगर सत्ता में आने के बाद वह किसानों के साथ इस प्रकार का दुर्व्यवहार करेंगे तो किसान एकजुट होकर उनके खिलाफ भी लड़ाई लड़ेगा।

## इस्तीफे पर केजरीवाल बोले-लांछन के साथ नहीं जी सकता

- ईमानदार लगूं तो वोट देना, भागवत से पूछा-मोदी के लिए 75 साल में रिटायरमेंट क्यों नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर जनसभा की। उन्होंने 2011 में हुए अन्ना आंदोलन और पहली बार चुनाव जीतने की घटना का जिक्र किया। कहा- हम पहली बार में ही ईमानदारी के दम पर सत्ता में आ गए। इस्तीफे पर केजरीवाल ने कहा- सत्ता और कुर्सी का लालची नहीं हूं। भाजपा ने भ्रष्टाचारी और चोर कहा तो दुख हुआ। लांछन के साथ कुर्सी तो क्या सांस भी नहीं ले सकता हूं, जी भी नहीं सकता। अगला दिल्ली चुनाव मेरी अग्नि परीक्षा है, अगर ईमानदार लगूं तो ही वोट देना। एएपी संयोजक ने संघ प्रमुख मोहन भागवत से 5 सवाल पूछे। कहा- जब 75 साल में लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और कलराज मिश्र जैसे नेताओं को रिटायर कर दिया तो ये नियम मोदी पर लागू क्यों नहीं। अमित शाह कह रहे हैं कि मोदी पर लागू नहीं होगा। भागवत जी जवाब दीजिए।



# 57 दिन में ट्रेन पलटाने की 23 कोशिशें,बड़ी साजिश

### कानपुर में ट्रैक पर सिलेंडर, एमपी में ट्रैक पर बिछाए डेटोनेटर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कानपुर में प्रेमपुर स्टेशन के पास गुड्स ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश रची गई। ट्रैक पर एक छोटा सिलेंडर रखा मिला। रविवार सुबह करीब 6 बजे लूप लाइन पर लोको पायलट ने सिलेंडर देखते ही इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को सिलेंडर से 10 फीट पहले ही रोक लिया। देश में ट्रेन को बेपटरी करने की यह 57 दिन में 23वीं कोशिश है। इससे पहले

- केंद्र सरकार जल्द बदलेगा रेल एक्ट, देशद्रोह का केस चलेगा



20 सितंबर को सूरत में रेलवे ट्रैक से छेड़छाड़ की गई थी। इस मामले की जांच एनआईए को सौंपी गई है। वहीं, 18 सितंबर को मध्य प्रदेश के नेपानगर में दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक पर डेटोनेटर बिछाए गए थे। इससे आर्मी अफसरों की ट्रेन को बेपटरी करने की कोशिश की गई। हालांकि रेलवे अधिकारी अलर्ट हो गए थे। उन्होंने ट्रेन रुकवा दी थी। ट्रेन को बेपटरी करने की बढ़ती कोशिशों को देखते हुए केंद्र सरकार रेलवे एक्ट में संशोधन करने जा रही है। इस बारे में जल्द अधिसूचना जारी हो सकती है। इसके तहत हादसे की साजिश करने पर देशद्रोह का केस दर्ज किया जाएगा। कानपुर के प्रेमपुर स्टेशन पर सिलेंडर रखे होने की सूचना मिलते ही रेलवे के सीनियर अफसर, आरपीएफ, जीआरपी और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अफसरों ने बताया कि मालगाड़ी कानपुर से प्रयागराज जा रही थी। ट्रैक पर रखा 5 किलो का सिलेंडर खाली था। यूपी में 38 दिनों में ट्रेन पलटाने की यह 5वीं साजिश है। इससे पहले कानपुर में ही 8 सितंबर को भरा सिलेंडर रखकर कालिंदी एक्सप्रेस को डिरेल करने की साजिश रची गई थी। 18 सितंबर को मध्य प्रदेश के बुरहानपुर से आर्मी की ट्रेन गुजरने वाली थी। ट्रेन खंडवा से होते हुए तिरुवनंतपुरम जा रही थी। इसमें आर्मी के अफसर, कर्मचारी और काफी असलाह मौजूद था। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, सागफाटा के पास ट्रैक पर 10 डेटोनेटर करीब एक से डेढ़ फीट के अंतराल से रखे गए थे। सूचना मिलने पर ट्रेन को सागफाटा में रोक दिया गया। रेलवे एक्ट के मौजूदा प्रावधानों में रेलवे अधिनियम-1989 की धारा 151 के तहत रेल हादसे की साजिश सिद्ध होने पर अधिकतम 10 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है।

## शुभंकर सरकार बंगाल कांग्रेस के नए अध्यक्ष

- अधीर रंजन की जगह चुने गए,जम्मू-कश्मीर में भी 2 कार्यकारी अध्यक्ष बनाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में बड़ा फेरबदल करते हुए शुभंकर सरकार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बना दिया है। फिलहाल वे ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव थे। उनके पास अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और मिजोरम राज्यों की



जिम्मेदारी थी। अब वे अधीर रंजन चौधरी की जगह बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं। पश्चिम बंगाल के अलावा कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर में भी दो कार्यकारी अध्यक्षों को अपॉइंट किया है। इनमें एमके भारद्वाज और भानु महाजन का नाम शामिल है। शुभंकर सरकार कांग्रेस से लंबे समय से जुड़े हैं। 2013 से 2018 तक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और ओडिशा राज्य प्रभारी रहे। उन्होंने पार्टी के भीतर भी कई जिम्मेदारियां निभाई। 30 अगस्त 2024 को वे कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव बने।

# ईसा मसीह के शहर नाजरेथ पर बड़ा हमला

### हिजबुल्लाह के अटैक से हिल गया इजरायल,पहली बार अंदर तक मारे रॉकेट

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने पुष्टि की है कि मौजूदा युद्ध शुरू होने के बाद हिजबुल्लाह ने इजरायल पर अपना सबसे खतरनाक हमला किया है। रविवार की सुबह के शुरुआती घंटे में जेजेरेल घाटी में 140 से ज्यादा रॉकेट और ड्रोन के चार राउंड दागे गए। हाइफा, रमत डेविड हवाई अड्डे, नाजरेथ, अफुला, निचली गलील और यिज्रेल घाटी के आसपास अलर्ट जारी हुआ। हमले के बाद आईडीएफ ने कहा कि वे लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल ने 400 रॉकेट से पलटवार किया है। इजरायल ने ट्वीट कर कहा,ईसा मसीह के गृहनगर नाजरेथ पर हिजबुल्ला ने हमला किया। मेडिकल सेंटर ने घोषणा की कि उत्तरी इजरायल में आग के कारण छह लोग



घायल हो गए। इजरायली रेडियो और सरकारी मीडिया ने बताया कि हिजबुल्लाह ने युद्ध में पहली बार विशेष रूप से हाइफा के पास रामत डेविड बेस को निशाना बनाया। हिजबुल्लाह ने भी कहा कि उसने कमांडर की मौत का बदला लेने के लिए इजरायली वायु सेना के हमलों के जवाब में रामत डेविड बेस और हवाई अड्डे पर हमला किया। आम तौर पर इजरायल के इतने अंदर तक हिजबुल्लाह हमला नहीं करता है। हिजबुल्लाह का एक रॉकेट नाजरेथ पर गिरा।

## कुछ बड़ा होने वाला है, जल्दी लेबनान छोड़ो

### अमेरिका समेत कई देशों का अपने नागरिकों को अलर्ट

**बेरूत (एजेंसी)।** हिजबुल्लाह आतंकियों पर इजरायल के बढ़ते हमलों के बीच अमेरिका, फ्रांस, कनाडा और ब्रिटेन की सरकारों ने लेबनान में रह रहे अपने नागरिकों को सलाह दी है कि जितना जल्दी हो सके, देश छोड़ दें। अमेरिकी विदेश विभाग ने आग्रह किया है कि जब तक हवाई उड़ान उपलब्ध हैं, लेबनान खाली कर दें। कुछ दिन में सुरक्षा स्थिति बहुत खराब हो सकती है। कुछ दिन पहले लेबनान पर इजरायल ने हवाई हमले में हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर अहमद वाहबी समेत कई लोगों को मार डाला था। बेरूत में इजरायली हमले में मरने वालों की संख्या 37 हो गई है। हफ्ते भर पहले इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध कैबिनेट में ऐलान किया था कि हमास के बाद अब हिजबुल्लाह से सीधी टक्कर का समय आ गया है। उन्होंने लेबनान से मिलती उत्तरी क्षेत्र में लोगों को फिर से बसाने और हिजबुल्लाह पर हमले तेज करने का ऐलान किया था। इसके बाद से हिजबुल्ला पर लगातार हमले हो रहे हैं। पेजर और वॉकी-टॉकी अटैक में कई हिजबुल्ला कमांडरों को इजरायल मौत की नींद सुला चुका है। उस हमले में 4 हजार घायल भी हैं।



## सुरक्षा परिषद से स्पेस तक... हर मुद्दे पर हुई सार्थक चर्चा

### मोदी-बाइडेन की मुलाकात चीन-पाकिस्तान को देगी टेंशन

मोदी और बाइडेन ने भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने पर की चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर अमेरिका की धरती से चीन और पाकिस्तान की टेंशन बढ़ा दी है। पीएम मोदी के अमेरिका दौरे पर दुनिया के तमाम देशों की नजर है। खासतौर पर चीन और पाकिस्तान की। दरअसल रूस दौरे के दौरान पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की गर्मजोशी से मुलाकात वाली तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं। अमेरिका की तरफ से भी मोदी पर तीखे हमले किए गए थे। ऐसे में भारत के पड़ोसी देश चीन और पाकिस्तान को लग रहा था कि अमेरिका- भारत के रिश्ते प्रभावित हुए हैं। लेकिन अब तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। पीएम मोदी का अमेरिका का दौरा भी भारत के हित में रहा है। इससे चीन-पाकिस्तान दोनों की टेंशन बढ़ गई है। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा और रूस के साथ युद्ध के बीच शांति संदेश की सराहना की। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का भी समर्थन किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और भारत के प्रधानमंत्री मोदी के बीच अमेरिका में हुई मुलाकात ऐतिहासिक बन गई है। मुलाकात में दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत बनाने पर जोर दिया।




## बिहार में बाढ़ से रेल पर आफत,पुल पर चढ़ा पानी

- कई ट्रेनें की गईं रद्द और कुछ ट्रेनों के बदले रूट

**पटना (एजेंसी)।** पूर्व मध्य रेलवे के सुल्तानगंज और रतनपुर स्टेशन के बीच रेलवे के एक पुल के ग्रिडर तक बाढ़ का पानी पहुंच जाने के कारण जमालपुर-भागलपुर रेलखंड से गुजरने वाली कई ट्रेन रद्द कर दी गई, जबकि कई अन्य के मार्ग में बदलाव



किया गया। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सरस्वती चंद्रा की ओर से रविवार को जारी एक बयान के मुताबिक, जमालपुर-भागलपुर रेलखंड के सुल्तानगंज और रतनपुर स्टेशन के बीच पुल संख्या 195 के ग्रिडर तक बाढ़ का पानी पहुंच जाने से रात 23.45 बजे से इस रेलखंड पर ट्रेन परिचालन बाधित है।

जमालपुर-भागलपुर रेलखंड से गुजरने वाली कई ट्रेन रद्द कर दी गई हैं, जबकि कई के मार्ग में बदलाव किया गया है।

## भगवान से क्षमा मांगी उपवास भी रख रहा हूं

### तिरुपति लड्डू विवाद पर बोले आंध्र डिप्टी सीएम

**हैदराबाद (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) में प्रसादम (लड्डुओं) में जानवरों की चर्बी मामले में आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने कहा- जब हिंदू मंदिरों को अपवित्र किया जाता है तो हमें चुप नहीं रहना चाहिए। अगर ऐसा मस्जिदों या चर्चों में होता तो देश में गुस्सा भड़क उठता। पवन कल्याण ने रविवार से 11 दिनों की प्रायश्चित दीक्षा की शुरुआत की। इस दौरान वह उपवास करेंगे। पवन ने कहा, मुझे अफसोस है कि मैं मिलावट के बारे में पहले क्यों नहीं पता लगा पाया। मुझे दुख हो रहा है। इसके लिए प्रायश्चित करूंगा। पवन कल्याण ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, पवित्र माने जाने वाले तिरुमाला लडडू प्रसादम को जगन रेड्डी की सरकार की भ्रष्ट नीतियों के कारण अपवित्र कर दिया गया है। इस पाप को शुरू में न पहचान पाना हिंदू जाति पर एक कलंक है। जिस पल मुझे पता चला कि लड्डू प्रसादम में जानवरों की चर्बी हैं, मैं हैरान रह गया। खुद को दोषी महसूस कर रहा हूं। चूंकि मैं लोगों के कल्याण के लिए लड़ रहा हूं, इसलिए मुझे दुख है कि मैं इसे पहचान क्यों नहीं पाया। पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ केस दर्ज आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उन पर श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर की पवित्रता को नुकसान पहुंचाने और प्रसिद्ध तिरुपति लड्डू प्रसादम में इस्तेमाल किए जाने वाले घी में मिलावट के आरोपों के बाद हिंदू धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया है।



# किसी भी पत्थरबाज या आतंकी को नहीं किया जाएगा रिहा

### अमित शाह बोले,कांग्रेस और नेशनल कान्फ्रेंस से पूछा सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकवाद पर कड़ा रुख अपनाते हुए रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में किसी भी पत्थरबाज या आतंकवादी को रिहा नहीं किया जाएगा और जब तक आतंकवाद का सफाया नहीं कर दिया जाता तब तक पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। शाह ने आतंकवाद के मुद्दे पर कांग्रेस और फारुक अब्दुल्ला को घेरा। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आतंकवाद अब अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को बीजेपी प्रत्याशी रविंद्र रैना के समर्थन में प्रचार करने जम्मू-कश्मीर के नौशेरा पहुंचे। उन्होंने आतंकवाद का जिक्र कर जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारुक अब्दुल्ला और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, अब्दुल्ला साहब, आप चिंता मत कीजिए, चुनाव संपन्न होने के बाद हम लोग श्वेतपत्र लेकर आने वाले हैं, जो कांग्रेस को, आपको और मुफ्ती परिवार को पूरी तरह से एक्सपोज करेगा। आखिर आतंकवाद घाटी में कौन लेकर आया। किसकी शह पर आया। उस वक्त केंद्र में किसकी सरकार थी और घाटी में किसका शासन था। किसने आतंकवादियों के साथ बिरयानी खाई थी। यह पूरा कच्चा चिट्ठा हम खोलकर रखने वाले हैं।



### अब लाल चौक पर कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता

उन्होंने आगे कहा,हाल ही में कांग्रेस के पूर्व गृह मंत्री शिंदे ने कहा था कि पहले उन्हें लाल चौक जाने से डर लगता था। अब आप देखिए देश का पूर्व गृह मंत्री लाल चौक पर जाने से डरता है। कोई बात नहीं शिंदे साहब। अपनी-अपनी फितरत होती है, लेकिन मैं अब गृह मंत्री हूं, मैं आपसे कहता हूं कि आप पोते-पोतियों के साथ लाल चौक जाइए, आपका कोई बाल भी बांका नहीं कर पाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ऊर्जा मंत्री तोमर ने ग्वालियर में सफाई मित्रों को किया सम्मानित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत शनिवार को लक्ष्मण तलैया पर चलाए गए विशेष सफाई अभियान में शामिल हुए। उन्होंने लक्ष्मण तलैया तथा मौनी बाबा आश्रम में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। साथ ही तीन सफाई मित्रों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वरिष्ठ सफाई मित्र को दो हजार रुपए एवं अन्य दो सफाई मित्रों को एक-एक हजार रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन किया। इससे पहले ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने लक्ष्मण तलैया क्षेत्र में अतिवृष्टि से निर्मित हुई जलभराव की स्थिति के बाद कराए गए सुधार कार्यों का जायजा लिया। साथ ही सड़क, सीवर, पानी तथा बिजली से सम्बन्धित समस्याओं का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि खासतौर पर सीवर की सफाई का काम प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लक्ष्मण तलैया क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त हुए मकानों का निरीक्षण भी किया और संबंधित अधिकारियों को इस क्षेत्र का सर्वे कराने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने लक्ष्मण तलैया क्षेत्र के अलावा सिंधिया नगर, रविदास नगर, विनय नगर सेक्टर-2 तथा उरवाई गेट क्षेत्र में भी जनसमस्याओं को सुना और उनके समाधान के निर्देश दिए।

### पंद्रह दिन में दो हजार मीट्रिक टन करनी होगी गेहूं की स्टॉक लिमिट

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश में गेहूं के दाम स्थिर रखने और कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त नियम बनाए गए हैं। मार्च 2025 तक गेहूं की स्टॉक सीमा तय करने के पूर्व में भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों में नई अधिसूचना द्वारा थोक विक्रेता/व्यापारी की अधिकतम स्टॉक क्षमता एवं प्रोसेसर्स की मासिक स्थापित क्षमता में संशोधन किया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि संशोधित आदेशानुसार 9 सितम्बर से 15 दिनों के भीतर व्यापारी/थोक विक्रेता को गेहूं का स्टॉक 2000 मिट्रिक.टन तक लाना है। इसी प्रकार प्रोसेसर्स का स्टॉक भी उसकी मासिक स्थापित क्षमता के 60 प्रतिशत मात्रा को वर्ष 2024-25 के शेष महीनों की संख्या से गुणा करने पर आने वाली मात्रा के समतुल्य से अधिक नहीं रखना है। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए तय सीमा से अधिक रखे अनाज को जब्त किया जाएगा। भंडारण को लेकर विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक भोपाल मीना मालाकार ने बताया कि इस संबंध में राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश गेहूं नियंत्रण आदेश को अधिसूचित किया गया है तथा स्टॉक सीमा का उल्लंघन पाये जाने पर सक्षम अधिकारियों को प्रवेश तलाशी एवं अभिग्रहण आदि की शक्तियां दी गई हैं। उन्होंने भोपाल जिले के सभी गेहूं व्यापारियों, थोक विक्रेताओं से कहा है कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दी गई सीमा अनुसार ही गेहूं का स्टॉक संधारित करें। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर मध्यप्रदेश गेहूं नियंत्रण आदेशानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### म.प्र. के 267 विकासखंडों के 11 हजार 377 गांवों का होगा कायाकल्प

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय कैबिनेट ने 18 सितंबर 2024 को जनजातीय बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में जनजातीय परिवारों/समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिये एक बड़ा कदम उठाया है। केन्द्रीय कैबिनेट ने कुल 79 हजार 156 करोड़ रूपये बजट परिव्यय से प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान (पीएमजेयूजीए) को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान में मध्यप्रदेश के 51 जिलों के 267 विकासखण्डों के 11 हजार 377 जनजातीय बहुल गांवों को कवर किया जायेगा। मध्यप्रदेश के 18 लाख 58 हजार 795 जनजातीय परिवारों और 93 लाख 23 हजार 125 जनजातीय आबादी को इस अभियान का सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनजातीय समाज के आर्थिक सशक्तिकरण, सर्वसमावेशी विकास और इस समुदाय के समग्र उत्थान के लिये प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी देने के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान में केन्द्र सरकार का हिस्सा 56 हजार 333 करोड़ रूपये और राज्यों का हिस्सा 22 हजार 823 करोड़ रूपये होगा। इस अभियान में देश के 63 हजार गांव शामिल किये जायेंगे, जिससे 5 करोड़ से अधिक जनजातीय आबादी को लाभ मिलेगा।

# ओंकारेश्वर में एकात्मता मूर्ति की स्थापना का पहला वर्षगांठ उत्सव



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** संपूर्ण भारत को सांस्कृतिक रूप से एकात्मता की डोर में बांधते हुए वेदों के अद्वैत सिद्धांत को प्रकाशित करने वाले जगद्गुरू आद्य शंकराचार्य जी की वेदांतिक शिक्षाओं और सनातन के लिए उनके योगदान को जनव्यापी बनाने के लिए मध्यप्रदेश के आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा ओंकारेश्वर में एकात्म धाम का निर्माण कराया जा रहा है। यह एकात्म धाम ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी के किनारे स्थित मांधाता पर्वत पर विकसित किया जा रहा है। इसमें आचार्य शंकर की 108 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना %एकात्मता की मूर्ति% के रूप में की गई है। शनिवार को एकात्मता मूर्ति की स्थापना %शंकरावतरण% की पहली वर्षगांठ को आचार्य शंकर न्यास द्वारा ओंकारेश्वर में वैदिक यज्ञ-अनुष्ठान के साथ मनाया गया। वर्षगांठ के अवसर पर सर्वप्रथम ओंकारेश्वर मंदिर के प्रमुख पुरोहित पंडित डंकेश्वर महाराज द्वारा आद्य शंकराचार्य जी की प्रतिमा के समक्ष पूजन, रूद्राभिषेक व हवन कराया गया। इसके बाद आर्ट ऑफ लिविंग के बटुकों द्वारा गुरुपूजन, वेदपाठ, आचार्य शंकर विरचित स्तोत्रों का गायन कराया गया। जिसके उपरांत उपस्थित संत-महंतों द्वारा भाष्यकार भगवन आद्य शंकराचार्य जी की आरती की गई। इस उपलक्ष्य में ओंकारेश्वर के स्वामी नर्मदानंद जी, उत्तरकाशी के स्वामी हरिबृह्मेन्दरानंद तीर्थ जी, स्वामी प्रणवानंद सरस्वती जी सहित आर्ट ऑफ लिविंग के बटुक व शंकर प्रेमीजन उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि आद्य शंकराचार्य जब केरल से देश भ्रमण पर निकले तब वह 8 वर्ष की आयु में मध्यप्रदेश के ओंकारेश्वर आए थे। जहां उनका मिलन अपने गुरु गोविंदपाद जी के साथ हुआ था। आचार्य की गुरुभूमि की इन्हीं स्मृतियों को अविस्मरणीय बनाने के साथ ही शंकर विचार के लोकव्यापीकरण के लिए ओंकारेश्वर में बन रहे एकात्म धाम में आद्य शंकराचार्य जी की 108 फीट की %एकात्मता की मूर्ति% की स्थापना की गई है। एकात्म धाम में शंकरावतरण की वर्षगांठ पर हुए वेदपाठ के आध्यात्मिक स्वरों से ओंकारेश्वर का गगनमंडल अलौकिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। आयोजन में आचार्य शंकर प्रणीत भाष्य ग्रंथों का अखंड पारायण - ब्रह्मसूत्र, एकादश उपनिषद, एवं श्रीमद्भागवत गीता का पाठ किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के बटुकों द्वारा सामवेद की कौथमी शाखा व यजुर्वेद की मध्यान्दिनी शाखा का पाठ किया गया।

साथ ही बटुकों द्वारा शंकर विरचित - गणेश पंचरत्नम, नर्मदाष्टकम, लिंगाष्टकम, तोटकाष्टकम, गुरु अष्टकम आदि स्तोत्रों का पाठ भी किया गया। बटुकों के स्वर से प्रणीत शंकर स्तोत्रों की रसधार में एकात्म धाम में उपस्थित हर अद्वैत प्रेमी मंत्रमुग्ध हो गया।

## करंट से घायलों को देखने ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ग्वालियर के ट्रॉमा सेंटर पहुंचे



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** ग्वालियर में शनिवार को बिजली की लाईन से करंट लगने के कारण किला गेट के समीप कोटेश्वर कॉलोनी में एक ही परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। इस घटना की जानकारी मिलने पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर तुरन्त जयारोग्य चिकित्सालय स्थित ट्रामा सेन्टर पहुंचे तथा सभी घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस घटना में कोटेश्वर कॉलोनी निवासी श्रीमती पुष्पा राठौर उनका बेटा श्री राजेन्द्र राठौर और बहू श्रीमती गायत्री राठौर घायल हो गए।ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने घायल हुए एक ही परिवार के तीनों सदस्यों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश दिए। उन्होंने तीनों घायलों को इलाज के लिए 40-40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की जन्मशती पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भारत-रत्न, संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी का उद्घोष करने वाले प्रेरणा स्रोत, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह राष्ट्रीय संगोष्ठी, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल और साहित्य अकादमी नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में भोपाल स्थित केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षण संस्थान के पं. सुंदरलाल शर्मा सभागार में 20 एवं 21 सितंबर को आयोजित हुई। संगोष्ठी में साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सचिव श्री के. श्रीनिवास राव ने कार्यक्रम के स्वागत वक्तव्य में उपयोगिता, प्रासंगिकता तथा तात्कालिकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट वक्ता के रूप में साहित्य अकादमी के हिंदी परामर्श मंडल के संयोजक डॉ. गोविन्द मिश्रा ने राजनीति के स्तर के उन्नयन के लिए साहित्य के स्पर्श की आवश्यकता बताई। मुख्य वक्ता के रूप में साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. माधव कौशिक ने करुणा के महत्व को रेखांकित किया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. खेमसिंह डहेरिया ने स्व. वाजपेयी की वैश्विक व्यापकता के साथ साथ सम्यक दृष्टि, उदारवादी चरित्र और राष्टीयता को महत्त्वपूर्ण बताया। संगोष्ठी में विभिन्न सत्रों में विभिन्न संदर्भों पर आलेख वाचन प्रस्तुत किया गया। अटल युगीन विश्व और हिंदी, भारत की समावेशी संस्कृति के शिल्पी अटल जी, अटल जी और पत्रकारिता, भारत की एकात्मता हिंदी और अटल जी, राष्ट निर्माण में अटल जी का योगदान एवं अटल जी वैज्ञानिक दृष्टिकोण सहित विभिन्न संदर्भों पर विभिन्न विषयविदों द्वारा संस्मरण साझा किए गए। इनमें श्री दयानंद पांडेय, श्री चंद्रचारु त्रिपाठी, सुश्री उर्मिला शिरीष, श्री मनोज श्रीवास्तव, श्री मुकेश मिश्रा, सुश्री अलका प्रधान, श्री विजय मनोहर तिवारी, श्री संजय द्विवेदी, श्री आनंद सिंह, सुश्री कुसुमलता केडिया, श्री राजीव वर्मा एवं सुश्री नुसरत मेंहदी शामिल थीं।

## राज्य सरकार रंगमंच और साहित्य को बढ़ावा देने हमेशा साथ-मंत्री सारंग



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि राज्य सरकार रंगमंच और साहित्य को बढ़ावा देने के लिये हमेशा साथ है।

वह कदमताल करते हुए संस्कृति संरक्षण, भविष्य की आशाओं और समाज को दिशा देने वाले दायित्वों के निर्वहन में लगे लोगों का हमेशा सम्मान करती रहेगी। मंत्री श्री सारंग डॉ. राजेन्द्र कुमार जनसम्पर्क एवं पत्रकारिता संस्थान भोपाल द्वारा शहीद भवन में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में इस वर्ष का डॉ. राजेन्द्र कुमार स्मृति सम्मान जनसम्पर्क विभाग के अपर संचालक श्री जी.एस. वाधवा को दिया गया। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि कोई भी सम्मान प्राप्त करना बहुत कठिन है, इसमें अपेक्षा रहती है कि व्यक्ति सम्मान को बनाये रखने के लिये और बेहतर काम करता रहे। साथ ही यह युवाओं के लिये प्रेरणास्रोत का काम भी करता है। संस्थान द्वारा हर वर्ष ऐसे मेहनती और लगनशील लोगों को चुनना भी बड़ी चुनौती है जिसका बेहतर निर्वहन लगातार संस्थान द्वारा किया जा रहा है। मंत्री श्री सारंग ने अपर संचालक श्री जी.एस. वाधवा को शॉल-श्रीफल और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। वरिष्ठ पत्रकार श्री गिरिजाशंकर, निराला सृजन पीठ की निदेशक और वरिष्ठ लेखिका डॉ. साधना बलवटे, वरिष्ठ रंगकर्मी एवं अभिनेता श्री राजीव वर्मा, संस्थान के अध्यक्ष श्री विनोद तिवारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। शुरूआत में दीप प्रज्ज्वलन कर डॉ. राजेन्द्र कुमार के चित्र पर अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन श्ीमती अपूर्वा त्रिवेदी ने किया और आभार श्री मुकेश राय ने माना।

इस मौके पर चेतना रंग समूह भोपाल द्वारा श्री आशीष श्रीवास्तव के निर्देशन में नाटक सर्दियों का फिर वही मौसम का मंचन किया गया।

## खाद्य मंत्री एवं गुना जिला प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने जिला अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत द्वारा शनिवार को गुना में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन 150 बिस्तरीय उन्नयन अंतर्गत प्रथम चरण में मेटरनिटी विंग के विस्तारीकरण एवं डीईआईसी के निर्माणाधीन कार्यो का अवलोकन किया। इस दौरान निर्माण एजेंसी से भवन के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीईआईसी भवन के वेटिंग एरिया, इलेक्ट्रिकल रूम, रिसेप्शन एंड सेंपल एरिया, क्लीनिकल पैथोलॉजी लैब, क्रियटोलॉजी बायोकेमेस्ट्री, स्टोर रूम, सीपीआर रूम आदि का भ्रमण कर सीएस एवं सीएमओ से जानकारी प्राप्त की। श्री राजपूत ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना अंतर्गत जिला चिकित्सालय में क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक (सीसीएचबी) 16 करोड़ 86 लाख की लागत के निर्माणाधीन भवन के कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री श्री राजपूत ने सीमेंट ईंट को तोड़कर गुणवत्ता को परखा और निर्माणाधीन भवन के ठेकेदार से ले-आउट को देखकर उनके द्वारा कराये जा रहे कार्यो की जानकारी प्राप्त की। मंत्री श्री राजपूत ने जिला अस्पताल का भ्रमण कर साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया और मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन एवं सीएमएचओ को निर्देशित किया कि केंद्र समय पर खोला जाये।

# गैस पीड़ितों के आर्थिक पुनर्वास के लिये प्रयास तेज

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** गैस पीडितों का आर्थिक पुनर्वास सबसे जरूरी है। इसी आवश्यकता के आलोक में राज्य सरकार गैस पीडितों एवं उनके आश्रितों के हित में बड़ा कदम उठाने जा रही है। जनजातीय कार्य लोक परिसम्पति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह की पहल पर गैस पीड़ितों के आर्थिक पुनर्वास के लिए उन्हें स्व-रोजगार से जोड़कर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। मंत्री डॉ. शाह ने विभागीय अधिकारियों को गैस पीडित 1000 महिलाओं को सिलाई-बुनाई का प्रशिक्षण, 100 युवाओं को भारी वाहन जैसे ट्रक, जेसीबी, पोकलेन, वाईब्रेटर, रोड रोलर आदि के संचालन के लिये ड्रायवर प्रशिक्षण एवं करीब 200 हितग्राहियों को एक साल का पैरामेडिकल कोर्स कराने की योजना तैयार करने के निर्देश दिये थे। विभागीय मंत्री के निर्देश पर अधिकारियों ने जनजातीय कार्य विभाग के अधीन प्रशिक्षण संस्था मध्यप्रदेश रोजगार एवं प्रशिक्षण परिषद (मैपसेट) को गैस पीडितों/आश्रितों को प्रशिक्षण देने की कार्ययोजना बनाकर देने को कहा। मैपसेट में प्रशिक्षण की समग्र कार्य योजना बनाकर अपना प्रस्ताव दिया है। मैपसेट ने हर साल 250-250 महिलाओं को प्रशिक्षण देकर 4 साल में 1000 महिलाओं को प्रशिक्षित करने का प्रस्ताव दिया है। युवाओं को 6 महीने से लेकर 1 साल तक के कोर्स कराये जायेंगे। इससे उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। मैपसेट द्वारा दिये गये योजना प्रस्ताव के अनुसार गैस पीड़ित परिवारों के बेरोजगार युवाओं को भारत सरकार एवं राज्य सरकार की संस्थाओं व चयनित प्रतिष्ठित संस्थाओं के जरिये कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण में सफल युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जायेगा। यह प्रशिक्षण सिर्फ भोपाल गैस पीडित परिवारों के आश्रितों/युवाओं के लिये होगा। यह प्रशिक्षण निःशुल्क होगा प्रशिक्षण के लिये युवाओं को मोबलाइज कराकर चयनित उम्मीदवारों का प्रशिक्षण कराया जायेगा। प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग ऑनलाइन पोर्टल के जरिये की जायेगी।

प्रशिक्षण कौशल विकास उन्नयन मंत्रालय के मापदण्डों के अनुरूप योग्य एवं अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जायेगा। मैपसेट ने समग्र रूप से 12400 हितग्राहियों को प्रशिक्षण देने की कार्य योजना दी है। मैपसेट ने प्रशिक्षण पर व्यय के लिये समुचित धनराशि आवंटित करने की मांग की है। प्रशिक्षण व्यय राशि मिलते ही लक्षित समूह को प्रशिक्षण प्रारंभ किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि गैस पीडित परिवारों की 1000 महिलाओं को सिलाई-बुनाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जायेगा। आठवीं कक्षा पास करीब 100 युवाओं को भारी वाहन चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

पढ़े-लिखे 200 युवाओं को कम्प्यूटर ऑपरेटिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की मरम्मत की ट्रेनिंग सहित इलेक्ट्रीशियन का कोर्स कराने की योजना है। युवतियों को 6 महीने और एक वर्ष के पैरा मेडिकल व अन्य कोर्सेस कराये जायेंगे। भोपाल गैस पीड़ितों, उनके आश्रितों व युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके लिए स्थायी रोजगार/स्व-रोजगार सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार की यह पहल पीडितों के कल्याण के लिये प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सरकार की इस बड़ी पहल के परिणाम जल्द ही सामने आयेंगे।

# जनजातीय वैद्यों का ज्ञान, सांस्कृतिक विरासत का है अनमोल हिस्सा- केंद्रीय राज्यमंत्री उईके



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उईके ने शनिवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल में पांच दिवसीय जनजातीय वैद्य शिविर एवं कार्यशाला का शुभारंभ किया। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उईके ने कहा कि हमारा देश प्राचीन काल से ही अपने अद्वितीय चिकित्सा ज्ञान और परम्पराओं के लिए विश्व मंच पर प्रसिद्ध रहा है। जनजातीय समाज ने सदियों से प्रकृति के साथ एकात्म जीवन जीते हुए औषधीय पौधों, जड़ी बूटियों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों का कुशलता से उपयोग कर पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का विकास किया है। ये पद्धतियाँ न केवल शारीरिक रोगो के उपचार में सहायक है बल्कि मानसिक और आत्मिक संतुलन को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाती हैं।

श्री उईके ने कहा कि हमारे जनजातीय वैद्यों के पास जो ज्ञान है, वह केवल उपचार का साधन नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज की सांस्कृतिक विरासत का अनमोल हिस्सा है। मानव संग्रहालय न केवल इन परंपरागत औषधियों और उपचार विधियों का दस्तावेजीकरण कर रहा है, बल्कि उनके वैज्ञानिक अनुसंधान को भी बढ़ावा दे रहा है, ताकि जनमानस को इनसे अधिकतम लाभ मिल सके। सम्मेलन में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उईके ने पद्मश्री से सम्मानित विभूतियों सुश्री यानु लेगो, सुश्री लक्ष्मी कुट्टी एवं श्री अर्जुन सिंह धुर्वे का शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

श्री उईके ने मानव संग्रहालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान में तटीय ग्राम प्रदर्शनी में नारियल के पेड़ भी लगाए। श्री उईके ने सभी वैद्यों के स्टॉल का अवलोकन कर औषधियों के बारे मे जानकारी भी प्राप्त की। असम एवं मिज़ोरम के जनजातीय समाज ने केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उइके का दुशाला प्रदान कर सम्मान भी किया। इस अवसर पर शोध सारांश की पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। प्रदेश के डिंडोरी एवं मंडला जिले से आए जनजातीय कलाकारों ने गेंडी नृत्य और गुदुमबाजा नृत्य की प्रस्तुति दी। विभिन्न सत्रों में शोधार्थियों द्वारा अपने शोध पत्र भी प्रस्तुत किए गए। निदेशक जनजातीय शोध संस्थान अपर मुख्य सचिव श्री विनोद कुमार ने कहा कि प्रकृति हमको सिखाती है।

# मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता की परीक्षा जिले में हुई आयोजित

## 25 हजार से अधिक नवसाक्षर हुए परीक्षा में शामिल





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने हेतु भारत सरकार के निर्देशानुसार संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा में नवसाक्षरों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अध्याय 21 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने हेतु 15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के असाक्षरों को साक्षर करने हेतु कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसमे ''जन जन साक्षर'' का उद्धेश्य रखा गया है।

कलेक्टर एवं सी.ई.ओ. जिला पंचायत के मार्गदर्शन में राज्य शिक्षा केन्द्र के दिशा निर्देश अनुसार 22 सितम्बर को मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। विकासखण्ड सीधी में 9 हजार 480, सिहावल में 5 हजार 260, रामपुर नैकिन में 4 हजार 975, मझौली में 3 हजार 987 तथा कुसमी में 1 हजार 684 मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा में सम्मिलित हुए।

नवसाक्षर जो किसी कारणवश अपनी बाल्यावस्था में औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके थे वे उम्र के इस पड़ाव पर स्कूलों में टाटपट्टी, दरी और कुर्सियों में बच्चों की तरह बैठकर परीक्षा देने में काफी उत्साहित दिखे। कई नव साक्षरों ने इसे अपने जीवन का बेहतरीन अनुभव स्वीकार करते हुए कहा कि जो गलती कहीं न कही उनके अभिभावकों से हुई या परिस्थितियों की वजह से वे नहीं पढ़ सके अपने बच्चों के साथ कदापि ऐसा नहीं होने देगे।

उक्त मूल्यांकन परीक्षा में वे नवसाक्षर शामिल हुए जिन्होने एन.आई.एल.पी. एप के माध्यम से आनलाइन सर्वे द्वारा चिन्हांकित किये गये हैं तथा राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा तैयार की गई उल्लास अक्षर पोथी प्रवेशिका से अध्ययन कर चुके है। इसके साथ ही साक्षरता मिशन के अंतर्गत संचालित कक्षाओं के ऐसे शिक्षार्थी जिन्होने प्रवेशिका पूर्ण कर अंतरिम मूल्यांकन में सफलता प्राप्त की हो तथा प्रमाणीकरण नही किया जा सका हो वे भी इस मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित हुए। साथ ही ऐसे व्यक्ति जो पूर्व शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं तथा उनके पास किसी प्रकार का प्रमाणीकरण नही है वे भी परीक्षा में सम्मिलित रहे है। असाक्षरों को पढाने हेतु ''इच वन टीच वन'' का सिद्वांत भी रखा गया जिसमें डाइट के छात्राध्यापकों एवं विद्यालय के छात्रों का भी भूमिका महत्वपूर्ण रही जिसमें उन्होने अपने घर एवं बसाहट के असाक्षरों को स्वयं पढ़ाया तथा परीक्षा में सम्मिलित कराया।

परीक्षा के लिए जिले में शासकीय प्राथमिकध्माध्यमिक शालाओं को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया था, जिसमें प्राथमिकध्माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं अक्षर साथियों आदि के सहयोग से पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन का कार्य सम्पादित किया गया। मूल्यांकन परीक्षा हेतु समस्त शासकीय विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था तथा शाला प्रभारी उक्त परीक्षा हेतु केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किये गये थे। परीक्षा प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक संचालित की गई तथा परीक्षा की अवधि 03 घंटें की थी जिसमें नवसाक्षर अपनी सुविधानुसार परीक्षा में सम्मिलित हुए। मूल्यांकन कार्य प्राथमिकध्माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं अक्षर साथियों आदि के सहयोग से पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन का कार्य सम्पादित किया गया। जिन नव साक्षरों ने पढ़ना, लिखना एवं बुनियादी संख्यात्मकता में 33 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त किया उन्हे ''नीड टू इम्प्रूवमेंट'' के अंतर्गत लिया गया है तथा उन्हे आगामी परीक्षाओं में पुनः शामिल किया जायेगा। साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा में डाइट प्राचार्य, डाइट के व्याख्याता एवं सभी विकासखण्डों के प्रभारी, जिला प्रौढ शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखण्डों के बी.आर.सी., बी.ए.सी., सह समन्वययक साक्षरता एवं जन शिक्षकों ने विभिन्न केन्द्रों में संचालित परीक्षाओं का निरीक्षण किया।

## समाजिक जागरूकता से होगा बाल अधिकारों का संरक्षण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी रीवा द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से रीवा जिले चिन्हित 50 ग्रामों प्रतिदिन विद्यालयों एवं ग्राम पंचायतों, विभिन्न समुदायों,छेत्रो के बीच जाकर बाल विवाह,बालश्रम, बाल अपराध के बारे में "एक्सेस टू जस्टिस प्रोग्राम" के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे है।इसके साथ साथ बच्चों को बाल विवाह की गतिविधियों में शामिल नही होने की सपथ कराई जाती है। कार्यक्रम के जिला समन्वयक सुमित सिंह ने बताया की अहिंशा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा समाज मे बाल श्रम बाल विवाह के प्रति एक आदर्श वातावरण निर्मित कर रीवा जिले को पूर्णतया बाल श्रम व बाल विवाह एवं बाल अपराध मुक्त जिला बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से प्रतिदिन कम्युनिटी शोशल वर्कर राजराखन पटेल ,चक्रपाणि मिश्रा ,बालेंद्र सिंह द्वारा गतिविधियों के माध्यम से सभी आम जनो से अपील करते हुए कहा कि यदि गाँव में किसी का बाल विवाह बाल श्रम की जानकारी मिले तो हमारी टीम के लोगो को जानकारी देकर इस अभियान में सहयोग करे।

## अतरैला में दीवार गिरने से दबी महिला की मौत

### सफाई के दौरान हुआ हादसा, मामले की जांच में जुटी पुलिस





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के सिहावल जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अतरैला में रविवार को कच्ची दीवार गिरने से महिला की मौत हो गई है। जानकारी लगते ही आसपास के क्षेत्र के लोग मौके पर पहुंच गए और इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी सिहावल पुलिस को दी। सिहावल पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है।

पूरा मामला रविवार की सुबह का है। जहां महिला फातिमा बानो अपने घर पर झाड़ू लगा रही थी। तभी कच्चे घर की दीवार उसके ऊपर गिर पड़ी, जिसमें दब गई। जानकारी लगते ही पति गुलसेर मोहम्मद मौके पर पहुंचे और मिट्टी को हटाने लगे। लेकिन जब तक मिट्टी को हटा पाए, तब तक महिला ने दम तोड़ दिया था।

**अचानक गिरी दीवार:** पूरे मामले को लेकर महिला के पति गुलशन मोहम्मद ने जानकारी देते हुए बताया है कि मैं अपने पक्के घर में था और फातिमा रोज की भांति अपने घर पर झाड़ू लगा रही थी। इस दौरान अचानक कच्चे घर की दीवार उसके ऊपर गिर पड़ी। जिसमें दबने से उसकी मौत हो गई है। इसके बाद मैंने सिहावल चौकी प्रभारी शेषमणि मिश्रा को जानकारी दी। जहां से पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

**शव को पीएम के लिए भेजा:** चौकी प्रभारी सिहावल शेषमणि मिश्रा ने बताया कि महिला का नाम फातिमा बानो है, जिसकी उम्र 32 साल है। वह अपने घर पर कोई काम कर रही थी। तभी दीवार गिर गई और दबने से उसकी मौत हो गई है। पोस्टमॉर्टम के लिए हम महिला के शव को अस्पताल के लिए भिजवा दिया है।

## बाइक चालक घायल, महखोर मे तेज रफ्तार जीप ने बाइक चालक को मारी टक्कर




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले में सड़क हादसों का दौर लगातार चल रहा है। जहां रविवार के दिन मिली जानकारी के अनुसार महखोर में एक तेज रफ्तार जीप ने बाइक चालक को टक्कर मार दी है। जहां बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हालत गंभीर होने से मेडिकल कॉलेज रीवा के लिए रेफर कर दिया गया है।

घटना रविवार की दोपहर करीब दो बजे की है। बताया गया कि मझौली थाना अंतर्गत महखोर गांव निवासी भगवती शरण पिता आत्मानंद मिश्रा (32) बाइक में सवार होकर जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात जीप चालक द्वारा टक्कर मार दिया है, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

परिजनों को जानकारी होने पर निजी वाहन से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से मेडिकल कॉलेज रीवा के लिए रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार रीवा अस्पताल चौकी में एक्सीडेंट का केस दर्ज कर लिया गया है।

वाहन चालक की तलाश जारीः टिकरी चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि घायल ज्यादा गंभीर होने की वजह से बेहोश हो गया था, जहां कथन दर्ज नहीं हो पाया है। उसे पहले इलाज की जरूरत थी। इसलिए उसे रीवा में भर्ती कर दिया गया है। इलाज कराने के बाद घायल के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया जाएगा। फिलहाल हम उसे फोर व्हीलर वाहन की तलाश कर रहे हैं, जिसने उसे टक्कर मारी थी।

## पुलिस की कार्रवाई, 11 केवी बिजली का खंभा चुराने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले के सरई थाना क्षेत्र में 11 केवी बिजली का खंभा चुराने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से बिजली का खम्भा भी बरामद कर लिया है। निवास चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह ने बताया कि 20 सितंबर को फरियादी बिहारी लाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि 19 सितंबर को भैया लाल प्रजापति, बाबूलाल प्रजापति ने राजनिया गांव में 11केवी1 का एक पोल काट कर चुरा लिया।

इसके आधार पर चौकी में अपराधियों के खिलाफ में मामला पंजीबद्ध किया गया और आरोपियों की तलाश शुरू की गई। इसी बीच आरोपी भैया लाल प्रजापति और बाबूलाल प्रजापति से पूछताछ की गई। आरोपियों ने बिजली का खंभा काटकर चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपियों से एक नग बिजली का खंभा जिसकी कीमत तकरीबन 40 हजार बरामद किया गया। आरोपियों ने बताया कि उनके साथ एक अन्य आरोपी कमलेश साहू भी था, उसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक प्रियंका सिंह चौकी प्रभारी निवास, सहायक उप निरीक्षक दीप नारायण, प्रधान आरक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, सचिन तिवारी आरक्षक प्रभात दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## दिव्यांगजनों को नि :शुल्क कृत्रिम अंग सहायक उपकरण प्रदाय हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 23 से 27 तक

### कलेक्टर ने विभिन्न अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार सीधी जिले में एडिप योजना के अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम जबलपुर के द्वारा 23 सितम्बर से 27 सितम्बर 2024 तक दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग सहायक उपकरण प्रदाय हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की सहमति प्रदान की गई है।

**शिविरों का आयोजनः** 23 सितम्बर 2024 को जनपद पंचायत सिहावल में, 24 सितम्बर 2024 को जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में, 25 सितम्बर 2024 को जनपद पंचायत मझौली में, 26 सितम्बर 2024 को जनपद पंचायत कुसमी में तथा 27 सितम्बर 2024 को जनपद पंचायत सीधी में प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा शिविरों के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने निर्देशित किया है कि शिविर में पात्र दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदाय हेतु चिन्हांकन/परीक्षण किया जायेगा। शिविर में केवल ऐसे दिव्यांगजन जो प्रथम दृष्टया कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण हेतु पात्र प्रदर्शित होते हैं उन्हें बुलाया जाये तथा जिन दिव्यांगजनों के मेडिकल बोर्ड के प्रमाण पत्र नहीं बने है अथवा पूर्व में बने प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो गयी है उन्हें बुलाया जाये। दिव्यांगजन शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र यूडीआईडी कार्ड, तहसीलदार/सरपंच ग्राम पंचायत से जारी आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं दिव्यांगता दर्शाता हुआ पासपोर्ट साइज की तीन फोटो लेकर उपस्थित होंगे।

आयोजित शिविर में अस्थि बाधित, दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित एवं मानसिक दिव्यांगता से ग्रसित दिव्यांग जन सम्मिलित हो सकेंगे। कृत्रिम हॉथ पैर एवं केलिपर्श हेतु चिन्हांकन/परीक्षण हेतु टीम 27 सितम्बर 2024 को जनपद पंचायत सीधी में आयोजित कैम्प में रहेगी अतः जिले की समस्त जनपद पंचायतों के इस प्रकार के हितग्राही जनपद पंचायत सीधी में आयोजित शिविर में सम्मिलित होंगे।

आयोजित होने वाले शिविरों हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को जनपद पंचायत मुख्यालय में शिविर आयोजन का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को शिविर दिनांकों को जनपद पंचायत मुख्यालय में जिला मेडिकल बोर्ड की ड्यूटी शिविर तिथियों में प्रातः 10 बजे से शिविर समाप्ति तक लगाने हेतु, जिला शिक्षा अधिकारी/डीपीसी को जिले के प्रत्येक विद्यालयों में अध्ययनरत निःशक्त छात्रों को दिव्यांगता से संबंधित प्रमाण पत्र लेकर शिविर में शामिल होने हेतु प्रचार प्रसार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं नगर परिषद को नगरीय क्षेत्र के दिव्यांगजनों को जनपद पंचायत मुख्यालय में आयोजित शिविर मे भेजने की व्यवस्था, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन.एच.एम. को एलिम्को जबलपुर की टीम को 23 सितम्बर से 27 सितम्बर 2024 तक शिविर दिनांको में जिला मुख्यालय से जनपद पंचायत तक लाने ले जाने हेतु वाहन पी.ओ.एल. के साथ एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सीधी को स्पर्श पोर्टल मे अंकित समस्त दिव्यांगजन जो प्रथम दृष्टया कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण हेतु पात्र प्रदर्शित होते हैं उन्हें शिविर में आने हेतु मोबाईल में सूचना देंने तथा शिविर तिथियों में शिविर स्थल पर आवश्यक व्यवस्था/सहयोग हेतु उपस्थिति सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है।


कलेक्टर सोमवंशी ने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिले का कोई भी दिव्यांग हितग्राही जो कि प्रथम दृष्टया कृत्रिम अंग सहायक उपकरण हेतु पात्र प्रतीत होते हैं शिविर में आने से वंचित न हों।

## स्वच्छता को हर घर की पहचान बना रही नपा, विद्यार्थियों को दिया स्वच्छता का संदेश



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** अपने कार्यालय, आवास एवं आस पास के स्थलों को पूर्ण रूप से साफ स्वच्छ रखने के लिये नगर पालिका परिषद सीधी इसे आमजनो की आवाज बनाते हुए इसे मुहिम का स्वारूप दे रही है। जिसके तहत नगर पालिका के 24 वार्डो में आमजनो से स्वच्छता के प्रति मदद की अपील की गयी है। साथ ही प्रति दिन स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला जा रहा है। मिनी अग्रवाल ने चर्चा के दौरान बताया कि समाज के समग्र विकास की दिशा में स्वथ्य यक्ति का होना अनिवार्य है और उसके लिये हमारे आस पास के महौल में स्वच्छ वातावरण का होना अनिवार्य है। जिसके लिये समाज को प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को नगर पालिका परिषद सीधी की आई.ई.सी टीम के द्वारा शहर में संचालित अभियान स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत कर्नल कान्वेंट स्कूल व ज्योति हाई स्कूल पटेलपुल तथा सरस्वती हाई स्कूल कोटहा सहित अन्य विद्यालयों में छात्र एवं छात्राओं तथा सम्मानित प्राचार्य एवं शिक्षक गणों के उपस्थिति में श्रमदान तथा स्वच्छता संवाद व स्वच्छता शपथ का कार्य किया गया। साथ ही उपस्थित 24 वार्डों में से 13 वार्डों में डोर टू डोर समस्त नागरिकों को जागरूक किया गया तथा स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया।

## खड़ौरा में आज आयोजित होगें विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** विगत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी आचार्य रामाधार चतुर्वेदी का जन्म दिवस महोत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक मनाने की तैयारियॉ पूर्ण हो गयी हैं। आयोजन संयोजक अमलेश्वर चतुर्वेदी ने बताया की विभिन्न प्रकार के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यर्र मों की तैयारियों को 23 सितम्बर 24 सोमवार को मूर्त रूप दी जायेगीं। चतुर्वेदी ने बताया की कोलकाता, बिहार, उत्तर प्रदेश, भोपाल, जबलपुर, शहडोल, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली सहित देश के कोने कोने से श्री गुरुदेव के अनुयाईयो के पहुंचने का क्रम विगत दिवसों से प्रारंभ है। आचार्य रामाधार चतुर्वेदी एक समर्थ परम चेतना संपन्न अवतारी जागृत महापुरुष रूप में लोगों ख्यात हैं। आज लगने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की संपूर्ण तैयारी कर ली गई हैं, नेहरू शताब्दी चिकित्सालय जयंत के सीएमएस डॉ पंकज कुमार, डॉ उदय कुमार सिंह सर्जन, डॉ विजय पटेल मेडिसिन, डॉ वंदना स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ राजेश कुमार शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ अभिषेक मेहता हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर अखिलेश कुमार सिंह मेडिसिन और सहयोगी के रूप में प्रबंधन से जुड़े शालिनी सिंह, नोडल ऑफिसर अर्चना गुप्ता, अनीता पांडे, कुमार साहू, बलिराम प्रसाद, श्रीकांत साहू, कुमार विभव, सीसी श्रीवास्तव, बृजेंद्र वर्मा, विश्वजीत प्रधान, दीपा दास, रीवा से शिशु रोग चिकित्सक एवं प्राध्यापक श्याम शाह मेडिकल कॉलेज रीवा डॉ एचपी सिंह सीधी से मेडिसिन के डॉक्टर बृजेश पांडे रोगियों के जांच के लिए पैथोलॉजिस्ट, जांच किट और दवाइयों की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। यह ज्ञातव्य है की जांच के बाद कुछ गंभीर रोगियों के शल्य चिकित्सा का काम भी आचार्य रामाधार सेवा संघ व नेहरू शताब्दी चिकित्सालय के जॉइंट कोलेबोरेशन में कार्यरत है। विगत 10 वर्षों में 80 से अधिक मरीजों का लाखों रूपए का निःशुल्क उपचार आचार्य रामाधार सेवा संघ के संयोजन से संपन्न हुआ है।

## पुलिस ने 49 फरार आरोपियों को दबोचा, 23 गुण्डा एवं 26 निगरानी बदमाशों को दी हिदायत



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं समस्त अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन एवं समस्त थाना के थाना प्रभारियों के नेतृत्व में शनिवार एवं रविवार की मध्य रात्रि एक बार पुनः जिले भर में विशेष अभियान चलाकर 4 स्थाई वारंट एवं 45 गिरफ्तारी वारंट कुल 49 वारंट तमिल किए गए हैं। साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान 23 गुण्डा बदमाश एवं 26 निगरानी बदमाशों को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर भविष्य में अपराध कारित न करने की हिदायत दी गई है।

सीधी पुलिस ने हत्या लूट डकैती मारपीट आबकारी आदि जैसे विभिन्न अपराधों के प्रकरणों मे जो आरोपी न्यायालय के समक्ष उपास्थित नहीं हुए, उनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। उपर्युक्त लंबे समय से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किये गये है लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम राशि की उद्घोषणा की गई थी। इसी तारतम्य में अभियान स्तर पर कार्यवाही करते हुये सीधी पुलिस द्वारा जिले भर में सप्ताहिक कांबिंग गस्त चलाकर एक दिन में 49 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## सन्त तुलछाराम महाराज का नगर में हुआ भव्य स्वागत, जगह जगह हुई पुष्प वर्षा



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** खेताराम महाराज के शिष्य ब्रह्मासावित्री सिद्ध पीठाधीश्वर तुलछाराम महाराज ब्रह्म धाम तीर्थ आसोतरा का 44 वां दिव्य चातुर्मास तप, साधना मां नर्मदा तट पर अमरकंटक तीर्थ संपन्न कर प्रथम रात्रि विश्राम के लिए पहली बार सीधी पधारने पर स्वागत एवं अभिनंदन व्यवसायी नरपत सिंह बावड़ी एवं सवाई सिंह सिया बम्बोर के आयोजकत्व में गंगोत्री पैलेस सीधी में सैकड़ों भक्तगणों के द्वारा ढोल नगाड़े के साथ हर्षोल्लास पूर्वक किया गया। महराज श्री के प्रथम नगर आगमन पर शिष्यों के द्वारा जगह जगह स्वागत गेट लगायें गये साथ ही विभिन्न स्थलों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया गया।

## पान ठेला के सामने भिड़े दो गुट, फोन नहीं उठाने पर युवक को पीटा

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** जैतपुर थाना के रसमोहनी गांव में एक मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें दो युवक एक पान की दुकान के सामने खड़े होकर मारपीट करते दिख रहे हैं। घटना शनिवार रात की बताई जा रही है। जिसका वीडियो रविवार को सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसके बाद पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि फरियादी कौशल मणी उर्फ लाली सोनी पिता तुमन प्रसाद, सोनी (47) निवासी रसमोहनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि बस स्टैंड रसमोहनी में विनय पान ठेला बस स्टैंड के पास खड़ा था कि उसी समय सौरभ सोनी आया और मुझे बोला कि मेरा फोन क्यू नहीं उठाते हो तो मैंने बोला नही उठाऊंगा। तब सौरभ सोनी मेरे साथ मारपीट करने लगा। इसके बाद जब मैं अपने घर जाने लगा तभी सौरभ सोनी के घर के सामने पहुंचने पर सागर सोनी, शिवम सोनी और सौरभ सोनी तीनों ने मिलकर मेरा रास्ता रोका और फिर मारपीट की।

# संपादकीय

## चुनाव जहरीला भी हुआ और हास्यास्पद भी

दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव तमाशा बन गया है। अकेले ट्रंप के कारण चुनाव जहरीला भी हुआ और हास्यास्पद भी। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में वह सब हो रहा है, जो आधुनिक समय में सोचा भी नहीं गया था। जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे वैसे प्रचार में जहर घुलता जा रहा है। पूर्व राष्ट्रपति और इस बार के चुनाव में राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर दूसरी बार हमले का प्रयास हुआ है। 13 जुलाई को पेन्सिलवेनिया में ट्रंप के ऊपर हमला हुआ था। तब गोली उनके कान को छूकर निकली थी। हमलावर को उसी समय सीक्रेट सर्विस ने मार गिराया था। दूसरी बार फ्लोरिडा में हमले का प्रयास हुआ है। हालांकि सीक्रेट सर्विस पक्के तौर पर नहीं कह रही है कि ट्रंप पर गोली चली लेकिन फ्लोरिडा के पाम बीच काउंटी के इंटरनेशनल गोल्फ क्लब में एक व्यक्ति हथियार के साथ मौजूद था, जिस पर सीक्रेट सर्विस ने गोली चलाई और वह व्यक्ति हथियार छोड़ कर भाग गया। एफबीआई मामले की जांच कर रही है। जो हथियार बरामद हुआ है वह एके-47 राइफल की तरह का है।

अमेरिका जैसे देश में, जहां हथियार बहुत सहज रूप से लोगों को उपलब्ध हैं, वहां अगर राजनीतिक विभाजन इतना बढ़ता है कि मरने मारने की प्रवृत्ति आ जाए तो यह बहुत खतरनाक है। इसके लिए ट्रंप का प्रचार और उनका भाषण बहुत हद तक जिम्मेदार है। उन्होंने अमेरिकी समाज को दोस्त और दुश्मन में बांट दिया है। उन्होंने ऐसा माहौल बना दिया है, जिसमें जो उनके साथ है वह अमेरिका का दोस्त है और जो उनके खिलाफ है

वह अमेरिका का दुश्मन है। ऐसी सोच अमेरिकी चुनाव में पहले कभी नहीं रही। ट्रंप बार बार इसका प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी और उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ डिबेट में जिस तरह की बातें कहीं वह इसकी मिसाल हैं। इसके बावजूद वे डिबेट में पिछड़ गए और अब कह रहे हैं कि फिर हैरिस के साथ डिबेट नहीं करेंगे।

ट्रंप के तमाशे यही खत्म नहीं होते हैं। उन्होंने प्रवासियों को लेकरर ऐसी बातें कही हैं, जिसके बारे में किसी ने नहीं सोचा होगा कि राष्ट्रपति रहा कोई व्यक्ति इतने भद्दे आरोप लगाएगा। ट्रंप ने हैती के प्रवासियों पर आरोप लगाया है कि वे अमेरिकी लोगों के पालतू जानवरों यानी कुत्ते, बिल्लियों को मार कर खा रहे हैं। यह मानवीय गरिमा से गिरा हुआ आरोप है। इसके लिए पूरे अमेरिका की हंसी उड़ रही है। कहां तो ट्रंप अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए लड़ने उतरे हैं और कहां लोगों के पालतू पशुओं की प्रवासियों से रक्षा की बहस में उलझ गए हैं।

# अखिलेश यादव से किनारा करती कांग्रेस और राहुल गांधी

**अजय कुमार**

**कांग्रेस का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर नजरिया बदलता जा रहा है। अब कांग्रेस और राहुल गांधी सपा प्रमुख अखिलेश यादव को वह अहमियत नहीं दे रही है जो उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव के समय दी थी। वर्ष 2017 के यूपी विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन करके चुनाव लड़ने वाली समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक-दूसरे के प्रति जिस तरह का व्यवहार कर रहे हैं उससे यही लगता है कि जल्द ही कांग्रेस और सपा के बीच गठबंधन का दौर खत्म हो सकता है। इतना ही नहीं पिछले कुछ समय से जिस तरह से अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमों मायावती के बीच दूरियां बढ़ी हैं उससे भी अखिलेश यादव अपने आप को अकेला महसूस कर रहे हैं।**



यूपी की दस विधान सभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव में यदि समाजवादी पार्टी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाई तो उसके लिये आगे के लिये अपनी साख बचाना मुश्किल हो जायेगा। वैसे भी मायावती ने उप चुनाव में बसपा के भी प्रत्याशी उतारने की बात कहकर अखिलेश की धड़कने बढ़ा ही रखी हैं। बात कांग्रेस और सपा के बीच बढ़ती खाई की कि जाये तो पिछले कुछ महीनों में राहुल गांधी एक परिपक्त नेता की तरह आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने अपना गोल निर्धारित कर लिया है उसी के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं। जातीय जनगणना और मुस्लिमों को लुभाने में राहुल गांधी हिन्दुओं पर आक्रमक होने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं।जिसका उन्हें हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में फायदा होता भी दिख रहा है।

उधर, पहले मध्य प्रदेश और अब हरियाणा में कांग्रेस ने सपा को एक भी सीट नहीं देकर यह संदेश दे दिया है कि उसके लिये समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश से बाहर मायने नहीं रखती है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में भी देखने को मिल रहा है। कांग्रेस की बैसाखी के सहारे सपा महाराष्ट्र मे अपनी ताकत बढ़ाने की जो कोशिश कर रही थी, उस पर भी पानी फिरता दिख रहा हैं। वैसे सपा की महाराष्ट्र यूनिट ने 12 सीटों पर प्रत्याशी तय कर दिए हैं। यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, विधायक इंद्रजीत सरोज, तूफानी सरोज और प्रभारी बनाया गया है। कुल मिलाकर दूसरे प्रदेशों में अपनी जड़े मजबूत करने का सपना देख रहे अखिलेश यादव को कांग्रेस से लगातार झटके पर झटका ही मिल रहा है। महाराष्ट्र इस कड़ी का नया हिस्सा बन गया है। सपा के पास विकल्प की बात की जाये तो वह फिलहाल सिर्फ यूपी विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस को इसका जवाब दे सकती है। यूपी में सपा की स्थिति कांग्रेस से कहीं अधिक मजबूत है।

दरअसल, लोकसभा चुनाव में यूपी में 37 सीटें जीतने वाली सपा दूसरे राज्यों की विधानसभाओं में खाता खोलकर राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त करना चाहती है। दूसरे राज्यों में सपा का संगठन उतना प्रभावी नहीं है, जितना उत्तर प्रदेश में है। ऐसे में सपा ने कांग्रेस के सहारे चुनाव मैदान में उतरने की कोशिश कई बार की है। पहले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस के साथ गठबंधन करना चाहती थी। उस चुनाव में कांग्रेस के सपा से गठबंधन न करने पर सपा ने अपने दम पर 22 प्रत्याशी उतारे थे। सपा का खाता तो नहीं खुला, लेकिन कांग्रेस को कुछ सीटों पर नुकसान जरूर हुआ।

इसी तरह से हरियाणा की मुस्लिम और यादव बहुल 12 विधानसभा सीटों पर सपा ने कांग्रेस से गठबंधन करने का प्रयास किया था। बात पांच और फिर तीन सीट पर आकर टिक गई थी। कांग्रेस ने अपनी सूची जारी की तो एक भी सीट सपा के लिए नहीं छोड़ा। हालांकि, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 'बात सीट की नहीं, जीत की है' कहकर गठबंधन धर्म निभाने के लिए त्याग करने के संकेत दे दिए हैं। हरियाणा के सपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी भी कहते हैं कि तीन सीटों को लेकर कांग्रेस आलाकमान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को संदेश भेजा था। संगठन ने पूरी तैयारी की, लेकिन कांग्रेस इससे पीछे हट गई। वहीं, दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर की 20 सीटों पर सपा ने कांग्रेस गठबंधन नहीं होने पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और सपा आमने-आमने है। अखिलेश के जम्मू-कश्मीर में प्रचार के लिए भी जाने की तैयारी है। यहां भी अखिलेश को यूपी की तरह मुस्लिम वोट सपा को मुस्लिम वोट मिलने की उम्मीद है।

## भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का विस्तृत क्षितिज

**श्रीमती अनीता प्रवीण**

भारत दुनिया की सबसे बड़ी एवं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसका खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आर्थिक विकास को गति देने एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत सरकार ने विभिन्न व्यावहारिक पहलों के साथ-साथ सुधारों के एक नए युग की शुरुआत की है, जिसने भारत को तेजी से विकास के पथ पर ला खड़ा किया है। राष्ट्र न केवल अभूतपूर्व प्रगति एवं विकास का साक्षी बना है, बल्कि एक जीवंत एवं विविधतापूर्ण अर्थव्यवस्था द्वारा संचालित एक वैश्विक शक्ति के रूप में भी उभरा है।

भारत सरकार की प्रगतिशील नीतिगत पहलों एवं उपायों के कारण, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और मैन्यूफैक्चरिंग के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 7.66 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कृषि के जीवीए में 8.45 प्रतिशत का योगदान दिया है।

समृद्ध एवं विविधतापूर्ण कृषिगत संसाधनों से लैस भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य उत्पादन के मामले में एक महत्वपूर्ण शक्ति है। दूध, पोषक अनाज, खाद्यान्न, फल, सब्जियां, चाय और मछली जैसी कई खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते, इसने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत का कृषि-खाद्य निर्यात बढ़कर 46.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो इस क्षेत्र की तीव्र प्रगति और इसके बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है। कुल कृषि-खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 2014-15 में 4.90 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 10.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई। नवाचार, निवेश और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सही मिश्रण के साथ, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का संपूर्ण दोहन करने और देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार एवं विविधतापूर्ण अवसर उपलब्ध हैं और इसका प्रत्येक उप-क्षेत्र विकास की अनूठी संभावनाएं प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी के आगमन ने इस उद्योग में क्रांति ला दी है, जिससे खाद्य सुरक्षा, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। ई-कॉमर्स में आए उछाल और उपभोग के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) व सुविधाजनक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग ने इस क्षेत्र के विकास के नए रास्ते खोल दिए हैं, जिससे यह निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया है।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को सहायता प्रदान करने हेतु, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने ऐसी कई योजनाएं और पहल लागू की हैं जो बदलाव लाने और एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में अहम रही हैं। यह इकोसिस्टम सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं बड़े उद्यमों में नवाचार, निवेश और समावेशिता को प्रोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) नाम की प्रमुख योजना ने खेतों से रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# कुमारी शैलजा की नाराजगी हरियाणा में कांग्रेस पर पड़ेगी भारी, मौके को भुनाने में जुटी भाजपा

**अंकित सिंह**

हरियाणा में 10 साल से सत्ता से बाहर रही कांग्रेस के लिए इस बार उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है। हालांकि, पार्टी के सामने अंतरकलह की स्थिति भी देखने को मिल रही है। स्थितियां सत्तारूढ़ भाजपा के लिए भी सहज नहीं है। किसान, जवान और पहलवानों की नाराजगी को कांग्रेस भुनाने की कोशिश कर रही है। यही कारण है कि कांग्रेस के लिए एक मंच तैयार होता दिखाई दे रहा है। लेकिन आंतरिक युद्ध की वजह से पार्टी के लिए स्थितियां मुश्किल होती दिखाई दे रही है।

कांग्रेस के लिए दिक्कत ये है कि उसकी वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा नाराज बताई जा रही है। भूपिंदर सिंह हुड्डा को आलाकमान का ज्यादा समर्थन मिला है। यही कारण है कि कुमारी शैलजा हाशिए पर दिख रही हैं। इसी वजह से वह चुनाव प्रचार से भी दूर हैं। रणदीप सिंह सुरजेवाला भी नाराज दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, पार्टी कम से कम 10 विद्रोहियों को मनाने में भी कामयाब रही, जो उसके आधिकारिक उम्मीदवारों की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकते थे। पार्टी प्रबंधकों को लगता है कि राज्य इकाई पर दबदबा रखने वाले पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा और वरिष्ठ नेताओं शैलजा और रणदीप सुरजेवाला के बीच एकता की कमी 5 अक्टूबर के चुनावों के लिए उनकी तैयारियों को प्रभावित कर रही है।

**क्यों नाराज हैं कुमारी शैलजा**

दावा किया जा रहा है कि टिकट आवंटन के दौरान हुई अनदेखी और अभद्र टिप्पणियों की वजह से कुमारी सैलजा नाराज हैं। इसी कारण वह कांग्रेस उम्मीदवारों के प्रचार से दूर रह रही हैं। कुमारी सैलजा की नाराजगी की वजह एक यह भी है कि टिकट आवंटन में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को ज्यादा महत्व दिया गया। उनके करीबियों को टिकट नहीं दी गई है। आरोप लग रहा



कि हुड्डा के करीबियों 90 में से 72 सीटों पर टिकट दिया गया है। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि शैलजा ने अपने खेमे के लिए 30 से 35 सीटें मांगी थीं। हालाँकि, कांग्रेस आलाकमान ने भूपिंदर सिंह हुड्डा खेमे को 72 टिकट आवंटित किए। शैलजा नारनौंद विधानसभा सीट से अपने करीबी सहयोगी डॉ. अजय चौधरी के लिए टिकट हासिल करने में भी असफल रहीं।

**कांग्रेस को होगा नुकसान**

उनकी चुप्पी पार्टी की चुनावी संभावनाओं पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, जिससे उसे वोट मजबूत करने से रोका जा सकता है। पार्टी में सबसे वरिष्ठ दलित चेहरों में से एक कुमारी शैलजा राज्य के कई विधानसभा क्षेत्रों में प्रभाव रखती हैं। कुमारी शैलजा को लेकर फिलहाल पार्टी कार्यकर्तों में भी भ्रम दिखाई दे रहा है। कुमारी शैलजा के समर्थकों के साथ-साथ दलित समाज में भी आक्रोश फैल रहा है। हालांकि, हरियाणा में तीनों वरिष्ठ नेताओं में से कोई भी विधानसभा चुनाव के लिए एक साथ प्रचार करते नहीं दिख रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान भी यही स्थिति थी। लोकसभा सदस्य और हुडा के बेटे दीपेंद्र हुडा ने %यात्रा% निकाली थी। शैलजा भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से पहले एक अलग %यात्रा% पर निकलीं। हाल ही में बुधवार को, शैलजा और सुरजेवाला ने राज्य के लिए पार्टी की सात गारंटी के उद्घाटन समारोह में उपस्थित नहीं होने का फैसला किया।

**भाजपा का दांव**

पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने चर्चाओं को बढ़ाते हुए उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। कांग्रेस के भीतर शैलजा की स्थिति अनिश्चित बनी हुई है क्योंकि उनकी भागीदारी में कमी पार्टी में उनके भविष्य पर सवाल उठाती है। करनाल में एक कार्यक्रम में बोलते हुए, खट्टर ने इस बात पर जोर दिया कि शैलजा सम्मान और देखभाल की हकदार हैं, उन्होंने कहा, हम उन्हें भाजपा में शामिल करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हमारी दलित बहन (कुमारी शैलजा), आखिरकार, दलित समुदाय और अनुसूचित जाति समुदाय से हैं, सभी से देखभाल और सम्मान की हकदार हैं। समाज में किसी को अपमानित करना वर्जित है। यदि कोई पंचायत में आपके विरुद्ध खड़ा हो जाता है तो भी उसे तवज्जो दी जाती है।

लेकिन इसके बजाय, आप सभी ने समुदाय को कोसा है, जबकि वह चुप बैठी है। समाज का एक बड़ा वर्ग अब सोच रहा है कि क्या किया जाए और लोग इससे परेशान हैं; हमने उन्हें अपने साथ शामिल कर लिया है। हम उन्हें लेने के लिए तैयार हैं।

# विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ की स्वीकृति

## विधायक अमर अग्रवाल बोले- कांग्रेस राज में ठप पड़ गए थे काम, अब मिलेगी गति






**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में विकास कार्यों के लिए साय सरकार से फंड मिल गया है। पूर्व मंत्री और नगर विधायक अमर अग्रवाल ने अपनी विधायक निधि से वार्डों में विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ 13 लाख की स्वीकृत दी है। उन्होंने बताया कि जन सुविधाओं के लिए वार्डों से मिले मांग के अनुसार कार्यों के लिए स्वीकृति दी गई है।

अग्रवाल ने दावा किया कि शहर विकास से संबंधित कार्यों के लिए राशि की कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेसराज में ठप पड़े कार्यों को गति देने के लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है।

**जानिए कहां क्या काम होंगे:** बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमर अग्रवाल ने विधायक निधि से जिन निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की है। उनमें वार्डों में सामुदायिक भवनों के निर्माण, बोर खनन, शौचालय निर्माण, उद्यान निर्माण, स्कूलों में शेड, अतिरिक्त कक्ष निर्माण और अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं।

प्रस्तावित कार्यों में वार्ड नंबर 19 पारिजात कॉलोनी में वार्ड नंबर 32 इमली पारा में, वार्ड नंबर 54 सरकंडा अरविंद नगर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10-10 लाख रुपए।

वार्ड नंबर 67 सरकंडा में कलश परिसर कॉलोनी के पास, वार्ड नंबर 41 सांई भूमि सोसायटी के पास, वार्ड नंबर 63 बंधवा पारा सतबहनीया मंदिर, सामुदायिक निर्माण के लिए 15 -15 लाख लागत की राशि स्वीकृत की गई है।

इसी प्रकार टिकारापारा में सामुदायिक भवन में अन्य निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रुपए, वार्ड नंबर 30 लाल बहादुर शास्त्री शाला में शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, सिंधी कॉलोनी जरहाभाटा में शेड निर्माण के लिए दस लाख रुपए।

इसके साथ ही विवेकानंद कॉलोनी महराणा चौक हनुमान मंदिर के पास शेड निर्माण के लिए 5.5 लाख रुपए विधायक निधि से स्वीकृत किए गए हैं।

वहीं वार्ड नंबर 15 सत्ताईस खोली श्रीराम उद्यान में अन्य निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपए, रिंग रोड 2 में सामुदायिक भवन में अन्य निर्माण के लिए 3 लाख।

वार्ड नंबर 61 प्रगति संघ कालीबाड़ी सरकंडा में सामुदायिक भवन में प्रथम तल निर्माण के लिए 14 लाख रुपए।

इसके साथ ही वार्ड नंबर 62 सार्वजनिक शिव मंदिर के पास सीपत रोड सरकंडा में बोर खनन शेड निर्माण स्टील रेलिंग निर्माण के लिए के 15 लाख रुपए विधायक निधि से दिए जाएंगे।

**शौचालय और छत के लिए 17 लाख की स्वीकृति:** शासकीय उमा शाला राजेन्द्र नगर बिलासपुर में 4 नग शौचालय के लिए 7 लाख, रामदुलारे दुबे शासकीय बालक उमा विद्यालय सरकंडा में प्रथम तल के छत निर्माण शेड और हाल, अतिरक्ति कक्ष, 2 शौचालय के लिए कुल 17 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

कलेक्टर कार्यालय ने निर्माण एजेंसी नगर निगम को प्रस्तावित कार्यों के लिए स्थल परीक्षण और इस्टीमेट तैयार करने कहा है, ताकि वर्क ऑर्डर जारी किया जा सके।

---

### बस्तानार घाट पर जवानों से भरा ट्रक पलटा

**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बस्तर और दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर बास्तानार घाट पर सीआरपीएफ जवानों से भरा एक ट्रक पलट गया है। जिसमें एक जवान को गंभीर चोट आई है। बाकियों को मामूली चोट है। जवान जगदलपुर से दंतेवाड़ा जिले की तरफ आ रहे थे। टर्निंग प्वाइंट में हादसा हुआ है। मामला कोड़ेनार थाना क्षेत्र का है।

बस्तर जिले के एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि, सभी सीआरपीएफ के जवान हैं। जो बारसूर जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक बास्तानार घाट पर अनियंत्रित होकर पलट गया। इसकी सूचना मिलते ही बस्तर जिले की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

इधर, दंतेवाड़ा के एएसपी आरके बर्मन ने बताया कि, हमें भी हादसे की सूचना मिली थी। गीदम थानेदार धनंजय सिन्हा समेत अन्य जवानों को मौके के लिए निकाला गया है। सभी जवान ठीक हैं।

# झारखंड की महिला को रेप कर मार डाला

## बॉय फ्रेंड ने दोस्त के साथ मिलकर पत्थर से कुचला चेहरा, फिर घोंट दिया गला





**मीडिया ऑडीटर, जशपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जशपुर में झारखंड की एक महिला की रेप के बाद हत्या कर दी गई। बॉय फ्रेंड ने पहले रेप किया और फिर अपने दोस्त के साथ मिलकर महिला को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। इसके बाद पत्थर से चेहरा कुचला और गला घोंटकर दिया। मामला कोतवाली क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, स्थानीय लोगों को 18 सितंबर को भभरी गांव के जंगल किनारे नाले के गड्?ढे से 30 साल की एक महिला का खून से लथपथ शव मिला। इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। जांच के दौरान पता चला कि महिला झारखंड के गुमला जिले की रहने वाली थी।

**महिला अकेले रहकर करती थी मजदूरी:** पुलिस जांच में सामने आया कि, महिला शादीशुदा थी और यहां अकेले रहकर मजदूरी करती थी। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। रिपोर्ट में महिला से रेप, मारपीट और गला घोंटकर मारने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने रेप और हत्या की एफआईआर दर्ज की।

**बाइक से आए थे 2 व्यक्ति महिला के घर:** एसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि, स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि 17 सितंबर की रात एक बाइक पर 2 युवक महिला के घर पहुंचे थे। दोनों ही देर रात तक महिला के घर में रुके थे। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर पुलिस ने राजेन्द्र मिंज (30) और संजय राम भगत (30) को पूछताछ के लिए थाने बुलाया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी राजेन्द्र मिंज ने बताया कि महिला से उसका अफेयर चल रहा था। वारदात के दिन वह जशपुर के कोर्ट में पेशी के लिए आया था। उसके साथ उसका साथी संजय राम भी था। पेशी खत्म होने के बाद वह मछली लेकर अपनी गर्लफ्रेंड के घर मिलने के लिए पहुंचे थे।

**आरोपी राजेन्द्र मिंज ने रेप किया:** इस दौरान महिला गणेश विसर्जन देखने के लिए चली गई थी। रात करीब साढ़े 9 बजे लौटी तब तक दोनों आरोपी शराब पीकर नशे में धुत थे। बताया जा रहा है कि आरोपी राजेन्द्र मिंज ने महिला से रेप किया। इसके बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

आरोपियों ने बताया कि महिला का कोई पुराना केस था। उसके लिए वह 4 हजार रुपए मांग रही थी। पैसे नहीं देने पर विवाद बढ़ता चला गया। इस पर दोनों आरोपियों ने महिला को मार डाला। इसके बाद लाश को जंगल किनारे ठिकाने लगा दिया था।

**कोर्ट ने दोनों आरोपियों को भेजा जेल:** पुलिस ने सोगड़ा गांव निवासी राजेन्द्र मिंज और कपरोल गांव निवासी संजय राम को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उनको जेल भेज दिया गया है। वहीं लाश को पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# गर्लफ्रेंड ने पति संग मिलकर की 30 लाख की ठगी

## भिलाई में की शादी, फिर दूसरे लड़के के साथ भागी, दोनों ने मिलकर लूटा



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में एक लुटेरी लड़की ने पहले युवक को प्रेम जाल में फंसाया। उससे शारीरिक संबंध बनाए, फिर बदनाम करने की धमकी देकर शादी की। शादी होने के बाद दूसरे युवक से भी शादी कर ली। इसके बाद दोनों ने मिलकर युवक से 30 लाख की ठगी की। मामला वैशाली नगर थाना क्षेत्र का है। दरअसल, कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड थाना जामुल निवासी अमित कुमार पांडेय (44) ने शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि पूर्व प्रेमिका और उसके पति ने मिलकर धोखाधड़ी की है। पैसों की डिमांड कर उसे जान से मारने और अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे हैं।

**पूजा विदौलिया नाम की लड़की से हुई थी दोस्ती:** युवक ने बताया कि 2016 में उसकी जान पहचान पूजा विदौलिया नाम की लड़की से हुई थी। धीरे धीरे दोनों के बीच दोस्ती हो गई। ये रिश्ता प्यार में बदल गया। दोनों के बीच आपसी सहमति से शारीरिक संबंध भी बना। रिलेशनशिप दोनों की आपसी रजामंदी से कई साल तक चला। पूजा चौहान ग्रीन वेली में किराए के मकान में रहती थी। धीरे धीरे पूजा का व्यवहार बदलने लगा। ऐसे में वह पूजा से बातचीत करना बंद किया, फिर दोनों अलग हो गए। इसके बाद पूजा ने अमित से 10 लाख रुपए की डिमांड की। भविष्य की किसी प्रकार की कोई अनबन और संपर्क नहीं होने के वादे के चलते अमित ने उसे 8 लाख रुपए कैश और 2 लाख बैंक ट्रांसफर कर उसके एचडीएफसी बैंक में दिया था।

**कुछ साल बाद फिर से करने लगी ब्लैकमेल:** अमित ने बताया कि कुछ दिन पहले ही उसने फिर से उसे वैशाली नगर तिकोना पार्क जैन मंदिर के पास बुलाया। उससे कहने लगी की वह उसके बिना नहीं रह पाएगी। अगर वह मना करेगा तो उसके परिवार को बर्बाद कर देगी। वीडियो और फोटो वायरल कर देगी।

**दबाव बनाकर की शादी, फिर दूसरे के साथ रहने लगी:** इसके बाद अमित काफी डर गया। बदनामी के डर से उसने पूजा से शादी कर ली। पूजा ने शादी से पहले उससे 8 लाख की ज्वेलरी बनवाई। 2 लाख रुपए की शॉपिंग कपड़े और अन्य चीजें दी।

### लव-मैरिज के 6 महीने बाद नशे में पीटता था पति

## कोर्ट में पत्नी लगाई थी तलाक अर्जी, नेशनल लोक अदालत में हुआ राजीनामा

**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत में पति-पत्नी का रिश्ता टूटने से बच गया। तलाक के लिए अर्जी लगाई महिला अब अपने पति के साथ हंसी-खुशी रहने के लिए राजी हो गई। अदालत ने इनका रीयूनियन करवा दिया।

दरअसल, बस्तर जिले के ही रहने वाले युवक-युवती के बीच प्रेम हुआ। परिजनों ने इनका रिश्ता कबूल कर लिया था। इन दोनों की लव मैरिज करवाई गई। शादी के 6 महीने तक दोनों के बीच रिश्ते ठीक थे, लेकिन बाद में पति शराब के नशे में धुत होकर अपनी पत्नी की पिटाई करने लगा था।

**दहेज के लिए किया जा रहा था प्रताड़ित:** महिला का आरोप था कि उसे दहेज के लिए भी प्रताड़ित किया जा रहा था। वहीं 7 फरवरी 2024 को उसे घर से भी निकाल दिया था। इस संबंध में पंचायत भी बिठाई गई थी, जिसके बाद महिला ने कोर्ट में तलाक और भरण-पोषण के लिए अर्जी लगाई थी। इसके बाद जगदलपुर के परिवार न्यायालय में केस चला।

**अदालत ने दोनों का रिश्ता टूटने से बचा लिया:** अब नेशनल लोक अदालत में समझाइश के बाद पति-पत्नी के बीच गिला-शिकवा दूर हो गई है। दोनों ने अब बिना किसी विवाद के साथ रहने पर अपनी सहमति दी। अदालत ने दोनों का रिश्ता टूटने से बचा लिया। इस प्रकरण का शनिवार (21 सितंबर) को नेशनल लोक अदालत में निराकरण करते हुए पति-पत्नी के बीच री-यूनियन स्थापित किया गया।

# शाम को बेदखली का नोटिस,सुबह एक्शन पर हाईकोर्ट सख्त

## कोर्ट ने अतिक्रमण कार्रवाई पर लगाई रोक, कोरबा के तहसीलदार को किया तलब



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कोरबा में शाम 6 बजे वॉट्सऐप पर बेदखली का नोटिस भेजने और अगले ही दिन सुबह कार्रवाई करने के मामले में बरपाली के तहसीलदार को तलब किया है। तहसीलदार की इस मनमानी कार्रवाई पर शनिवार सुबह छुट्टी के दिन विशेष कोर्ट लगाई गई।

हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत दी है। साथ ही अतिक्रमण की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। बरपाली तहसीलदार को व्यक्तिगत रूप से सोमवार को उपस्थित होने का आदेश दिया है।

**अतिक्रमण हटाने कुछ ही घंटों का दिया गया वक्त:** दरअसल, मामला कोरबा जिले के बरपाली तहसील के कनकी गांव का है। बरपाली तहसीलदार ने 20 सितंबर की शाम 6 बजे नूतन राजवाड़े को वॉट्सऐप पर बेदखली का नोटिस जारी किया। 21 सितंबर की सुबह कार्रवाई शुरू कर दी गई। नोटिस में अनावेदक को खुद से कब्जा हटाने कुछ घंटों का ही समय दिया गया।

**जज साहब तहसीलदार बाड़ हटवा रहे हैं:** याचिकाकर्ता नूतन राजवाड़े ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में शनिवार की सुबह याचिका पेश कर तुरंत सुनवाई का अनुरोध किया। छुट्टी के दिन हाईकोर्ट में जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू की विशेष कोर्ट बैठी।

**बदले में मिली थी सरकारी जमीन:** सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। याचिकाकर्ता की जमीन से बाड़ हटाना शुरू कर दिया है, जो रिट याचिका का विषय है। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि याचिकाकर्ता के कब्जे वाली जमीन बेशक सरकारी है, लेकिन याचिकाकर्ता को उसके स्वामित्व की जमीन के बदले में इसे दिया गया था।

तहसीलदार ने छत्तीसगढ़ भूमि राजस्व संहिता 1959 (संक्षेप में '1959 की संहिता') की धारा 248 के तहत कार्यवाही में याचिकाकर्ता के खिलाफ 5 अगस्त 2024 को एक आदेश पारित किया है, जिसके खिलाफ याचिकाकर्ता ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के समक्ष अपील दायर की है।

**कोर्ट ने कहा- ये मनमानी है:** वकील ने कहा कि इससे पहले भी याचिकाकर्ता को बिल्कुल समय नहीं दिया गया था। सरकारी वकील ने दलील दी कि उन्हें कुछ मिनट पहले ही रिट याचिका की अग्रिम प्रति दी गई है। यह भी कहा कि मोबाइल फोन पर प्राप्त निर्देश के अनुसार, याचिकाकर्ता का अतिक्रमण हटा दिया गया है। इस पर जस्टिस पीपी साहू ने आदेश में कहा कि तथ्यों और परिस्थितियों को देखने पर यह मनमानी लग रहा है।

हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई तक याचिकाकर्ता की भूमि पर कब्जे के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। कोर्ट ने बरपाली तहसीलदार को सोमवार को हाईकोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने कहा है।

---

### पति को छोड़कर बॉयफ्रेंड के पास भागी पत्नी

## प्रेमी ने एक महीने तक किया रेप, फिर बोला- नहीं कर पाउंगा शादी




**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में प्रेमी ने शादीशुदा प्रेमिका को शादी का झांसा देकर रेप किया। बताया जा रहा है कि आरोपी प्रेमी के बहकावे में आकर पति को छोड़कर युवती मायके आ गई। इस दौरान मायके में प्रेमी अमित राठिया ने कई बार शारीरिक संबंध बनाया। मामला खरसिया थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक युवती से आरोपी अमित राठिया शादी करना चाह रहा था, लेकिन बाद में वह अपने वादे से मुकर गया। युवती को शादी नहीं करुंगा बोल दिया। इसके बाद युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**दूसरे लड़के से हो गई युवती की शादी:** पीड़िता ने बताया कि 2023 में अमित ने युवती को इजहार किया था। इसके बाद दोस्ती और दोनों मिलने-जुलने लगे थे, लेकिन इसी बीच 2024 के अप्रैल माह में युवती की शादी दूसरे लड़के से हो गई।

वह उसके साथ रहने लगी। फिर भी शादी के बाद प्रेमी-प्रेमिका में बातचीत होते रहती थी।

**हमारे बीच पति पत्नी जैसा संबंध नहीं था:** पीड़िता ने बताया कि शादी बाद वह खुश नहीं थी। उसके बीच पति और पत्नी जैसा संबंध नहीं था। ऐसे में प्रेमी अमित राठिया युवती को अपने पति को छोड़कर आ जाने को कहा। युवती से शादी करने का वादा भी किया। युवती जुलाई 2024 में पति को छोड़कर अपने प्रेमी के पास आ गई।

पीड़िता ने बताया कि भुपदेवपुर में वह अपने प्रेमी के साथ कुछ दिन रही, जहां प्रेमी ने कई बार शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद अगस्त में वह शादी करने से इनकार कर दिया। युवती ने मामले की सूचना अपने परिजनों को दी। इसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।

**आरोपी की तालाश जारी:** खरसिया थाना प्रभारी कुमार गौरव ने बताया कि पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर लिया गया है। आरोपी की धरपकड़ के लिए टीम बनाई गई है। आरोपी फरार है, उसे जल्द ही पुलिस गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 'तुमसे प्यार करता हूं' बोलकर नाबालिग से रेप

## रायपुर से पकड़कर ले गई पुलिस, थाने से चकमा देकर भागा, फिर गांव से पकड़ा गया



**मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में नाबालिग लड़की से रेप की वारदात को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बम्हनीडीह थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी का नाम रमेश सिदार है। 19 जुलाई 2024 को नाबालिग लड़की को भगाकर ले गया था। आरोपी ने नाबालिग से कहा था कि मैं तुमसे प्यार करता हूं। शादी करुंगा बोलकर ले गया था।

**अलग-अलग जगहों पर छापेमारी:** दरअसल, परिजनों ने 19 जुलाई 2024 को बम्हनीडीह थाने में शिकायत दर्ज कराई। उनकी बेटी को कोई अज्ञात युवक भगाकर लेकर गया है। पुलिस शिकायत मिलते ही एक्टिव हो गई। अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की, लेकिन कहीं पता नहीं चला।

**नाबालिग को आरोपी के कब्जे से छुड़ाया:** इसी बीच 19 सितबर को आरोपी के रायपुर में होने की जानकारी मिली। पुलिस ने आरोपी के ठिकाने पर छापेमारी की। नाबालिग को पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छुड़ा लिया। पीड़िता ने महिला पुलिस से बताया कि आरोपी ने उसे बहला-फुसलाकर कई बार रेप किया।

**आरक्षकों को चकमा देकर भागा आरोपी:** इस दौरान आरोपी बम्हनीडीह थाने से आरक्षकों को चकमा देकर भाग गया। आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव में आकर छिपा हुआ है। पुलिस की टीम आरोपी के गांव कचंदा पहुंची। जहां से आरोपी को पकड़ा गया।

**कोर्ट ने आरोपी को भेजा जेल:** पुलिस ने बताया कि नाबालिग को उसके परिजनों को सौंप दिया है। वहीं आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### आर-पार की लड़ाई पर अड़े बीएड-डीएड अभ्यर्थी

## 33000 टीचरों की भर्ती का नोटिफिकेशन निकाले सरकार, वरना अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर प्रशिक्षित डीएड और बीएड संघ अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहा है। उनका कहना है कि यदि सरकार अब भी भर्ती का नोटिफिकेशन नहीं निकालती है, तो यह प्रदर्शन अनिश्चितकालीन जारी रहेगा।

अभ्यर्थी शनिवार को इन्हीं मांगों को पूरा कराने के लिए मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने भी निकले थे। लेकिन, प्रदर्शनकारियों को बीच रास्ते में ही पुलिस ने धरनास्थल से कुछ दूरी पर उन्हें रोक लिया। दरअसल, डीएड और बीएड संघ शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे है।

**विधानसभा में कम पेश किया गया आंकड़ा:** इस मामले में संघ के अध्यक्ष दाउद खान ने बताया कि, छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड और बीएड संघ के सदस्यों ने कहा कि प्रदेश में शिक्षकों के 78000 से ज्यादा पद रिक्त है, लेकिन विधानसभा में केवल 57000 का आंकड़ा प्रस्तुत किया गया है।

प्रदेश में 6000 से ज्यादा ऐसे स्कूल है, जहां केवल एक शिक्षक है। 700 से ज्यादा ऐसे स्कूल है, जहां शिक्षक ही नहीं है। संघ के लोगों ने कहा कि, इस आंदोलन के जरिए हम सरकार का ध्यानाकर्षण करना चाहते हैं कि यदि सरकार को छत्तीसगढ़ के बच्चों के भविष्य की चिंता है, तो इन पदों पर भर्ती शुरू करें।

## ममता की 2 दिन में पीएम को दूसरी चिट्ठी

**कोलकाता ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में आई बाढ़ पर पीएम मोदी को एक और लेटर लिखा है। 2 दिन के अंदर लिखी दूसरी चिट्ठी में ममता ने आरोप लगाया कि दामोदर घाटी निगम ने उनसे सलाह लिए बिना पानी छोड़ा, जिससे बंगाल के जिले डूब गए। इससे पहले ममता ने 20 सितंबर को भी पीएम नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि दामोदर घाटी निगम के तहत आने वाले बांधों से 5 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण बंगाल में बाढ़ आई। इधर, बंगाल सरकार और केंद्र के बीच चल रही जुबानी जंग के बीच राज्य के बिजली सचिव शांतनु बसु ने डीवीसी बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। बसु के अलावा बंगाल के सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर ने भी रेगुलेशन कमेटी से इस्तीफा दे दिया है। दामोदर घाटी जलाशय विनियमन समिति में केंद्रीय जल आयोग, पश्चिम बंगाल, झारखंड और दामोदर वैली निगम के प्रतिनिधि होते हैं।

## अजमेर में अंधाधुंध फायरिंग, एक की मौत

**जयपुर ( एजेंसी )।** राजस्थान के अजमेर में हॉस्टल के सामने दुकान निर्माण को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया। गाड़ियों में भरकर पहुंचे बदमाशों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं। लोगों को गाड़ियों से कुचलने की कोशिश की गई। फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई। दहशत के चलते बाजार बंद हो गए। लोगों ने बदमाशों की गाड़ियों में तोड़फोड़ की और एक जेसीबी को आग लगा दी। डीएसपी ग्रामीण सत्यनारायण यादव ने बताया- गोली लगने से रूपनगढ़ निवासी शकील लंगा (25) की मौत हुई है, जबकि नारायण (32) पुत्र नानूराम घायल हुआ है। उसे किशनगढ़ से अजमेर रेफर किया गया है। घटना में शामिल आरोपियों की पहचान कर उनके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। घटना स्थल पर फोर्स तैनात है। वक्फ बिल में संशोधन के लिए की जांच कर रहे संसदीय पैनल को ई-मेल और रिटन लेटर के जरिए 1 करोड़ 20 लाख से ज्यादा सुझाव मिल चुके हैं। कमेटी के चेयरमैन जगदंबिका पाल ने लोकसभा स्पीकर से मुलाकात कर इन ई-मेल और लिखित पत्रों को अध्ययन करने का समय मांगा है। इन्हें भी रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए और अधिकारियों की डिमांड भी की। पिछले महीने कमेटी ने आम जनता, गैर सरकारी संगठनों, विशेषज्ञों, हितधारकों और संस्थाओं से बिल पर लिखित सुझाव मांगे थे।

# राष्ट्रपति बाइडेन ने पीएम मोदी के साथ की अंतिम बैठक, दोनो नेताओं में हुई भावुक बातचीत



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विलमिंगटन में राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ द्विपक्षीय बैठक भावपूर्ण थी। आधिकारिक क्षमता में बाइडेन की मोदी के साथ यह अंतिम बैठक थी क्योंकि बाइडेन फिर से राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शनिवार को डेलावेयर के विलमिंगटन में अपने निजी आवास पर मोदी की मेजबानी की और दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न प्रमुख पहलुओं पर व्यापक बातचीत की। पिछले चार वर्षों में मोदी और बाइडेन के बीच घनिष्ठ मित्रता विकसित हुई है और उन्होंने कई वैश्विक तथा क्षेत्रीय मुद्दों पर मिलकर काम किया है। पिछले साल बाइडेन ने ऐतिहासिक आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए मोदी की मेजबानी की थी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने रविवार को संवाददाताओं से कहा, ''राष्ट्रपति बाइडन के साथ बैठक भावपूर्ण थी। प्रधानमंत्री अवगत हैं कि एक तरह से यह राष्ट्रपति बाइडेन के साथ विदाई बैठक थी तथा निजी आवास पर होने के कारण यह और खास अवसर था। मिस्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन दिवसीय अमेरिकी यात्रा के पहले दिन न्यूयॉर्क में एक विशेष प्रेस वार्ता के दौरान कहा, ''वास्तव में, उन्होंने (मोदी) उनसे (बाइडन) उल्लेख किया कि भारत में हम कहते हैं जब दिल के दरवाजे खुल जाते हैं, तो घर के दरवाजे भी खुल जाते हैं।

## बोले- सच्चे लीडर्स अपनी ताकत और कमजोरियां पहचानते हैं

**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को बेंगलुरु में नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी के 32वें एनुअल कॉन्वोकेशन डे में हिस्सा लिया। सीजेआई ने कहा, %सच्चे लीडर्स अपनी ताकत और कमजोरियां पहचानते हैं। वे अपनी ताकत का इस्तेमाल दूसरों को आगे बढ़ाने के लिए करते हैं। अपनी कमियों को दूर करने के लिए मदद मांगते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि युवा लॉ ग्रेजुएट्स महान सोच रखने के साथ-साथ दयालु इंसान बनें। आपको धैर्य के साथ निर्णय लेना चाहिए। निर्णय लेने की प्रक्रिया अनिश्चितता से भरी होती है, लेकिन इससे डरने की कोई बात नहीं है। क्योंकि अनिश्चितता के इन्हीं क्षणों में आपका चरित्र गढ़ा जाता है। आने वाले सालों में आपका जो भी रास्ता हो, आपके अपने निर्णयों के सकारात्मक परिणाम होने की संभावना है। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप धैर्य और विनम्रता के साथ इस यात्रा पर चलें।



## इस्तीफे पर केजरीवाल बोले- लांछन के साथ नहीं जी सकता

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार (22 सितंबर) को दिल्ली के जंतर-मंतर पर जनसभा की। उन्होंने 2011 में हुए अन्ना आंदोलन और पहली बार चुनाव जीतने की घटना का जिक्र किया। कहा- हम पहली बार में ही ईमानदारी के दम पर सत्ता में आ गए। इस्तीफे पर केजरीवाल ने कहा- सत्ता और कुर्सी का लालची नहीं हूं। भाजपा ने भ्रष्टाचारी और चोर कहा तो दुख हुआ। लांछन के साथ कुर्सी तो क्या सांस भी नहीं ले सकता हूं, जी भी नहीं सकता। अगला दिल्ली चुनाव मेरी अग्नि परीक्षा है, अगर ईमानदार लगूं तो ही वोट देना। आप संयोजक ने संघ प्रमुख मोहन भागवत से 5 सवाल पूछे। कहा- जब 75 साल में लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और कलराज मिश्र जैसे नेताओं को रिटायर कर दिया तो ये नियम मोदी पर लागू क्यों नहीं। अमित शाह कह रहे हैं कि मोदी पर लागू नहीं होगा। भागवत जी जवाब दीजिए। दिल्ली शराब नीति केस में 13 सितंबर को जमानत पर बाहर आने के बाद केजरीवाल ने 17 सितंबर को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। 21 सितंबर को आतिशी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बन गईं। केजरीवाल बोले- ईमानदारी से चुनाव लड़े जा सकते हैं और जीते भी जा सकते हैं मुझे आज भी याद है। 4 अप्रैल 2011 का दिन था, जब आजाद भारत का भ्रष्टाचार विरोधी सबसे बड़ा आंदोलन यहां जंतर-मंतर से शुरू हुआ था। उस वक्त की सरकार अहंकारी थी। चैलेंज करते थे कि चुनाव जीतकर दिखाओ। हम छोटे थे, चुनाव के लिए पैसा चाहिए था, गुंडे चाहिए थे।



## एमपी आर्मी ट्रेन डिरेल करने की साजिश



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश के 3 राज्यों में ट्रेन पलटने की साजिश की गई। हालांकि तीनों जगहों पर ही लोको पायलट ने साजिश को नाकाम कर दिया। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में सेना के जवानों को ले जा रही ट्रेन में विस्फोट की कोशिश की गई थी। यह घटना 18 सितंबर की है। रेलवे सूत्रों ने बताया कि बुरहानपुर के नेपानगर में रेलवे ट्रैक पर डेटोनेटर बिछाए गए। हालांकि ट्रेन के पहुंचने से पहले ही कुछ डेटोनेटर फूट गए। इससे रेलवे अधिकारी अलर्ट हो गए और स्टेशन पर ट्रेन रुकवा दी गई। यूपी के कानपुर में प्रेमपुर स्टेशन के पास ट्रैक पर एक छोटा सिलेंडर रखा मिला। ट्रेन के लोको पायलट ने सिलेंडर देखते ही इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को 10 फीट पहले ही रोक लिया। पंजाब के बठिंडा में रेलवे ट्रैक पर सरियों का बंडल रख दिया गया। इसे देखकर मालगाड़ी के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया। जिससे हादसा टल गया बिहार के मुजफ्फरपुर में शनिवार रात मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेल लाइन के बीच इंजन के कुल 6 चक्के पटरी से उतर गए। घटना शनिवार की रात 8.31 बजे की है।

## हरियाणा कांग्रेस में वोटिंग से पहले बयानों की मारामारी



**बल्लभगढ़ ( एजेंसी )।** हरियाणा में अगले विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग अभी 5 अक्टूबर को होनी है, और रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा। उससे पहले ही 2 कांग्रेस नेताओं ने डिप्टी सीएम पद पर दावा ठोक दिया है। इसके साथ ही 3 उम्मीदवारों समेत 4 कांग्रेस नेताओं ने अपने चुनावी भाषण में वोट के बदले नौजवानों को नौकरियां बांटने की बात कही है। वहीं, एक उम्मीदवार ने सरकार बनते ही अपने लोगों को सेट करने की बात तक कह डाली। ताजा बयान फरीदाबाद एनआईटी से कांग्रेस के निवर्तमान विधायक नीरज शर्मा ने दिया है। उन्होंने एक चुनावी सभा के दौरान कांग्रेस सरकार में डिप्टी सीएम पद का दावा किया। उनका कहना था, जब तक भूपेंद्र हुड्डा जिंदा हैं, मैं सीएम का पद नहीं मांगूंगा। डिप्टी सीएम पद की दावेदारी का उनका वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इससे पहले रेवाड़ी से चुनाव लड़ रहे लालू प्रसाद यादव के दामाद चिरंजीव राव भी डिप्टी सीएम पद पर दावा ठोक चुके हैं।

## शुभंकर सरकार बंगाल कांग्रेस के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में बड़ा फेरबदल करते हुए शुभंकर सरकार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बना दिया है। फिलहाल वे ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव थे। उनके पास अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और मिजोरम की जिम्मेदारी थी। अब वे अधीर रंजन चौधरी की जगह बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा उदय भानु चिब को इंडियन यूथ कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनाया गया है। वे श्रीनिवास बीवी की जगह लेंगे। उदय भानु फिलहाल आईवॉयसी के महासचिव के पद पर थे। इससे पहले वे जम्मू-कश्मीर प्रदेश यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष थे। वहीं कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर में भी दो कार्यकारी अध्यक्षों को अपॉइंट किया है। इनमें एमके भारद्वाज और भानु महाजन का नाम शामिल है। कौन हैं बंगाल कांग्रेस के नए अध्यक्ष शुभंकर सरकार शुभंकर सरकार कांग्रेस से लंबे समय से जुड़े हैं। 2013 से 2018 तक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और ओडिशा राज्य प्रभारी रहे।

## दीपेंद्र हुड्डा के हेलिकॉप्टर पर चढ़े लोग

**कैथल ( एजेंसी )।** हरियाणा में कैथल के गांव पाई में कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के हेलिकॉप्टर की सुरक्षा में कोताही बरतने पर पुलिस अधिकारी पर गाज गिरी है। कैथल स्क्र राजेश कालिया ने पुंडरी थाने के एसएचओ रामनिवास को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने कांग्रेस नेता सांसद दीपेंद्र हुड्डा के हेलिकॉप्टर की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम नहीं किए थे। इसलिए, हेलिकॉप्टर के पास लोगों का जमावड़ा हो गया और उड़ान भरने में दिक्कत आई थी।

एसएचओ ड्यूटी में कोताही बरतने को लेकर एसएचओ रामनिवास को दूसरी बार निलंबित किया गया है। इससे पहले उन्हें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रोग्राम में एंट्री गेट पर उनके निजी स्टाफ और भाजपा नेताओं के साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में सस्पेंड किया जा चुका है। शनिवार शाम को रोहतक के कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा पुंडरी से कांग्रेस उम्मीदवार सुल्तान जड़ौला के समर्थन में लोगों से वोट की अपील करने पहुंचे थे। यह जनसभा पुंडरी हलके के गांव कुराड में की गई थी। दीपेंद्र हुड्डा के हेलिकॉप्टर की लैंडिंग गांव पाई में करवाई गई थी। इसके बाद वह गाड़ी में अपने काफिले के साथ सभा स्थल पर पहुंचे।

## हिंद-प्रशांत छात्रों को पांच लाख अमेरिकी डॉलर की देगा स्कॉलरशिप




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के छात्रों को पांच लाख अमेरिकी डॉलर की 50 'क्वाड छात्रवृत्ति प्रदान करने की एक नयी पहल की घोषणा की है। चौथी 'क्वाड शिखर बैठक के बाद जारी विलमिंगटन घोषणा पत्र में कहा गया है कि ये छात्रवृत्तियां छात्रों को भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित तकनीकी संस्थान में चार वर्षीय स्नातक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में शामिल होने में सक्षम बनाएंगी। राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में क्वाड नेताओं की शिखर बैठक शनिवार को उनके गृह नगर विलमिंगटन, डेलवेयर में हुई। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भाग लिया। घोषणापत्र में कहा गया है, ''भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित तकनीकी संस्थान में चार वर्षीय स्नातक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र के छात्रों को 5,00,000 अमेरिकी डॉलर की 50 क्वाड छात्रवृत्ति प्रदान करने की एक नयी पहल की घोषणा करते हुए भारत प्रसन्न है। इसमें कहा गया है, ''क्वाड छात्रवृत्ति के माध्यम से हम अगली पीढ़ी के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नीति निर्माताओं का एक नेटवर्क बना रहे हैं।

## बिहार में बाढ़ के कारण 4 ट्रेनें कैंसिल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बिहार में भी गंगा समेत कई नदियों का जलस्तर बढ़ने से पटना, भागलपुर, मुंगेर और बेगूसराय में बाढ़ जैसे हालात हैं। भागलपुर-जमालपुर पटरी पर पानी भरने के कारण 4 ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया, जबकि 12 ट्रेनों का रूट बदला गया। मुंगेर में ह॥-80 पर 4 फीट तक पानी बह रहा है। उत्तर प्रदेश में बारिश के चलते तीन दिनों से 21 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। गंगा समेत कई नदियों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। इस कारण काशी और प्रयागराज में सभी घाट डूबे हुए हैं। एटा में नहर कटने से किसान की फसल बर्बाद हो गई। हरदोई में बाढ़ के चलते 62 स्कूल बंद कर दिए गए हैं। उन्नाव में गंगा खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। यहां सड़कों पर नाव चल रही है। राजस्थान के जैसलमेर के सम इलाके में 1 महीने से बाढ़ जैसे हालात हैं। यहां 350 घर पानी में डूबे हुए हैं। लोगों ने बताया कि यहां 25 साल बाद ऐसे हालात बने हैं। मध्य प्रदेश समेत 18 राज्यों में अलर्ट मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून की विदाई जल्द ही राजस्थान से शुरू हो सकती है। आज मध्य प्रदेश समेत 18 राज्यों में बारिश का अलर्ट है। इनमें से 7 राज्यों में तेज बारिश की संभावना जताई गई है। केरल और तमिलनाडु में उमसभरी गर्मी पड़ने का भी अनुमान जताया गया है।

## कानपुर देहात में गद्दा फोम फैक्ट्री में लगी भयंकर आग, 6 लोगों की हुई दर्दनाक मौत



**कानपुर ( एजेंसी )।** कानपुर में एक गद्दे बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई है। यह दुखद घटना रानिया क्षेत्र में स्थित एक फोम गद्दे की फैक्ट्री में हुई, जहां रात की शिफ्ट के दौरान लगभग 15 कर्मचारी काम कर रहे थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आग एक मशीन से चिंगारी निकलने के बाद भड़की। इस हादसे में तीन लोग मौके पर ही जान गंवा बैठे, जबकि अन्य तीन की अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हुई। यह घटना सुरक्षा मानकों की अनदेखी को उजागर करती है, और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

आपको बता दें कि इस दुर्घटना में तीन लोग मौके पर ही दम तोड़ गए, जबकि एक व्यक्ति की कानपुर में इलाज के दौरान और दो अन्य की लखनऊ में उपचार के दौरान मौत हुई। कानपुर देहात के एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि फैक्ट्री के तीन निदेशकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

## देशभर के रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलान, हरियाणा में महापंचायत के बाद किसानों का फैसला

**कुरुक्षेत्र ( एजेंसी )।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में रविवार को हुई किसानों की महापंचायत में फैसला लिया गया है कि 3 अक्टूबर को पूरे देश में रेल ट्रैक जाम रखा जाएगा। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हरियाणा में पंचायतें कर भाजपा की ओर से किसानों पर किए अत्याचार को याद कराया जाएगा। पंधेर ने कहा कि किसान हरियाणा में भाजपा की हार में हिस्सेदार बनेगा। किसान महापंचायत में सरवन सिंह पंधेर के साथ जगजीत सिंह डल्लेवाल, अमरजीत सिंह मोहड़ी सहित कई किसान नेता शामिल हुए। पिपली गांव में हुई महापंचायत के बाद सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि भाजपा सरकार ने जिस प्रकार के अत्याचार किसानों पर किए हैं, अब हरियाणा में इसका बदला लेने का समय आ गया है। हम पंचायत कर हरियाणा के किसानों को याद दिला रहे हैं कि किस प्रकार से किसानों पर बल का प्रयोग किया गया और किस प्रकार से किसान शुभकरण को शहीद किया गया।



# दो पक्षों का विवाद सुलझाने पहुंची धारकुंडी पुलिस पर पथराव

## आरक्षक घायल, आवारा मवेशियों को बांधने को लेकर भिड़े थे ग्रामीण



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना के धारकुंडी थाना इलाके में दो पक्षों के बीच चल रहे विवाद के दौरान पुलिस पर हमला कर दिया गया। पथराव में एक पुलिस कर्मी घायल हुआ है। उसे देर रात सतना जिला अस्पताल लाया गया है। मामले में दोनों पक्षों के बीच मुकदमा दर्ज कर पुलिस के हमलावर की तलाश की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, धारकुंडी थाना क्षेत्र के ग्राम विजयपुर में शनिवार की शाम दो पक्षों के बीच चल रहे विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों के पत्थर का निशाना बन गई।

आपस मे उलझे ग्रामीणों में से किसी ने बीच बचाव की कोशिश कर रही पुलिस पार्टी पर पथराव कर दिया। इस घटना में पुलिस आरक्षक राम सेवक गोले घायल हो गया। उसके चेहरे पर पत्थर लगा और वह लहूलुहान हो गया। उसे देर रात आनन फानन में सतना जिला अस्पताल ले आया गया है।

**मवेशियों बांधने को लेकर था विवाद:** विजयपुर में आवारा मवेशियों को बाड़े में बांधने को लेकर ग्रामीणों के दो पक्ष आपस मे विवाद कर रहे थे। दोनों तरफ से लाठी-डंडे निकले थे और पत्थर भी चल रहे थे। सूचना मिलने पर धारकुंडी पुलिस मौके पर पहुंची थी।

बताया जाता है कि विजयपुर के आदिवासी परिवार अपने मवेशियों को बांधते नहीं है जिसके कारण रात में खेत की फसल चौपट हो जाती है। ग्रामीणों ने फसल बचाव के लिए एक अस्थायी बाड़ा बनाया जिसमें शाम को मवेशियों को बंद कर दिया जाता है और सुबह निकाल दिया जाता है।

शनिवार की शाम भी गांव के शिवांशु द्विवेदी, रामनिवास कोरी, सुग्रीव यादव, आशुतोष तिवारी और रोहित तिवारी समेत कुछ लोग ऐसा ही कर रहे थे तभी आदिवासी परिवारों के प्रेमलाल को, सुग्रीव कोल, मिजाजी कोल वगैरह बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए। हाथ मे लाठी-डंडे, फरसे लेकर आए आदिवासी परिवारों के लोगों और ग्रामीणों में विवाद गहरा गया।

इस घटना में आरक्षक रामसेवक गोले के अलावा कई ग्रामीणों को भी चोट आई हैं। धारकुंडी थाना पुलिस ने इस मामले में शिवांशु द्विवेदी एवं प्रेमलाल कोल की अलग-अलग शिकायतों पर दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## नाबालिग लड़की का अपहरण

### काफी देर बाद पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, आरोपी की कर रही तलाश



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट के राजापुर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने स्थानीय दबंग पर आरोप लगाते हुए राजापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार की देर रात तक परिवार वाले पुलिस थाने के चक्कर लगाते रहे, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस ने मामला दर्ज करने का निर्णय लिया और आरोपी की तलाश शुरू की।

**पुलिस कार्रवाई पर टिकी हुई हैं निगाहें:** राजापुर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस की तत्परता से उम्मीद की जा रही है कि आरोपी जल्दी पकड़ में आएगा। स्थानीय लोग सुरक्षित माहौल की मांग कर रहे हैं। इस घटना ने नाबालिग सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल उठाए हैं। सभी की निगाहें अब पुलिस कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मैहर जिले में की गई सफाई



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत रविवार को मैहर कलेक्टर रानी बाटड़ के निर्देशन में अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह की उपस्थिति में एनजीओ, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान कर काली मंदिर चौराहे से रेलवे स्टेशन रोड एवं स्टेट बैंक चौराहे तक सफाई अभियान चलाया गया। रेलवे स्टेशन के बाहर का अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस मौके पर संतोष सोनी, अरुण तनय दीपू मिश्रा, संजय जाधवानी, अनिकेत पाल, छोटू मैनी, आकाश अग्रवाल सहित नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

### जबरदस्ती करना चाहता था शादी, घर के सामने से कर ले गया था अगवा



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नागौद थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग को अगवा करने के मामले में चार माह से फरार चल रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक, नागौद थाना पुलिस ने घर के सामने से नाबालिग लड़की को अगवा कर लेने के आरोपी राजू पटेल पिता कमलेश पटेल उर्फ दद्दू (21) निवासी कोनी टोला सितपुरा सतना को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी 4 माह से फरार था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी लेकिन वह हर बार चकमा दे कर भाग जाता था। सतना एसपी ने आरोपी पर 5 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा था।

पुलिस ने साइबर सेल की भी मदद ली और फिर सब इंस्पेक्टर सत्यकीर्ति सिंह ने सब इंस्पेक्टर अजीत सिंह, एएसआई रविशंकर शुक्ला, हेड कांस्टेबल शिवराज सिंह, संदीप पांडेय, आरक्षक वीरबहादुर सिंह, स्नेह साहू और सचिन दास के साथ दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी राजू पटेल ने 25 मई की रात लगभग साढ़े 9 बजे घर के बाहर खड़े हो कर फोन पर बात कर रही नाबालिग को अगवा कर लिया था। उसने लड़की को जबरदस्ती अपनी चार पहिया गाड़ी में बैठा लिया और अपने साथ ले जाने लगा। आरोपी उससे जबरदस्ती शादी कर लेना चाहता था। लेकिन नाबालिग ने हौसला दिखाया और वह चलती गाड़ी से कूद कर भाग गई। घर आ कर उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद नागौद थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। टीआई अशोक पांडेय ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## गढ़िया टोला में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम




**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** "स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता",थीम पर आधारित "स्वच्छता ही सेवा",राष्ट्रीय अभियान के तहत नगर पालिक निगम सतना के इंजीनियर धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में गढ़ियाटोला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ! कार्यक्रम में सभी से अन्य तथ्यों के अलावा विशेष अनुरोध किया गया कि सभी लोग अपने-अपने घरों में सब्जी,फल एवं फूल के कचरे से होम कंपोस्टिंग करके शहर के कचरे की बहुत बड़ी मात्रा को घरों में ही खाद में परिवर्तित करें! इससे शहर का कचरा भी कम होगा साथ ही बनाई गई घरेलू होम कंपोस्ट खाद के उपयोग से उगाई गई सब्जियां एवं फलों के उपयोग से शहर में हरियाली में बढ़ोतरी के साथ प्राण वायु ऑक्सीजन की मात्रा में भी इजाफा होगा! धर्मेंद्र सिंह ने सभी से पर्यावरण संरक्षण हेतु एक-एक कदम आगे बढ़ाने का अनुरोध किया।

## पितृ पक्ष में पौधे लगाकर पूर्वजों को दें सच्ची श्रद्धांजलि

### ग्लोबल वार्मिंग से बचाएंगे, दुकानों के बाहर पौधे लगाएं



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट पितृ पक्ष के इस पावन अवसर पर बुंदेली सेना ने कर्वी माफी में 51 पौधों का वितरण कर ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने पूर्वजों के नाम पर पौधरोपण करें। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि उनके दादा, रेंजर रामखेलावन सिंह ने भी वृक्षारोपण का कार्य किया था। जिससे उनकी यादें आज भी जीवित हैं।

अजीत सिंह ने कहा, "एक पेड़ सौ पुत्रों के समान होता है। सभी को कम से कम एक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए।" उन्होंने व्यापारियों से आग्रह किया कि वे अपने दुकानों के बाहर पौधे लगाएं और बच्चों के जन्मदिन पर भी पौधरोपण को प्रेरित करें।

**हरियाली को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा:** अजीत सिंह ने चेताया कि ग्लोबल वार्मिंग का खतरा बढ़ रहा है। पेड़-पौधे ही इससे बचा सकते हैं। इस बार वितरण में महुआ, आम, आमरूद, नींबू, अशोक और अनार जैसे पौधे शामिल थे। साथ ही मंदाकिनी नदी के तट पर और मुक्तिधाम में भी पौधरोपण की योजना बनाई गई है। इस अवसर पर कर्वी माफी के प्रधान बद्री सिंह पटेल समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे। बुंदेली सेना का यह प्रयास निश्चित रूप से क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा।

## प्रभारी मंत्री मैहर जिले के विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगी



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रदेश की पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री राधा सिंह 23 सितंबर को प्रातः 9 बजे स्वच्छता अभियान में सहभागिता एवं स्वच्छता सहायकों का सम्मान करेंगी। प्रभारी मंत्री का प्रातः 11.30 से दोपहर 1.30 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। तदुपरांत दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत बेरमा में सदस्यता अभियान एवं जनसम्पर्क करने के उपरांत प्रभारी मंत्री राधा सिंह मैहर से रात्रि 9.18 बजे रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

### खेत से घर लौट रहे थे, ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट कर्वी कोतवाली क्षेत्र के राजरानी चकला के पास शनिवार बीती रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। 55 वर्षीय छक्की लाल, निवासी अहमद गंज चौकी सीतापुर, अपने खेत से लौटते समय अचानक ट्रेन की चपेट में आ गए।

**स्थानीय लोगों ने परिजनों को जानकारी दी:** परिजनों के अनुसार, छक्की लाल खेत में पानी लगाने के बाद रात करीब 3 बजे घर लौट रहे थे। रेलवे ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन के सामने आ गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह स्थानीय लोगों ने परिजनों को जानकारी दी। जिन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की पूरी जांच की जा रही है। परिजनों का कहना है कि यह एक दुखद घटना है। वे न्याय की उम्मीद कर रहे हैं।

## राज्यमंत्री ने भरजुना में मां काली माता मंदिर के किये दर्शन



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी रविवार को सोहावल विकासखंड अंतर्गत भरजुना में मां काली माता के दर्शन कर पूजा अर्चना की।

इस दौरान राज्यमंत्री बागरी ने प्रदेशवासियों की खुशहाली, समृद्धि एवं उन्नति के लिए कामना की।

## विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला आज रामपुर बघेलान में


**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** शासकीय आईटीआई सतना एवं जिला रोजगार कार्यालय सतना द्वारा सुपरवाइजर पद की भर्ती के लिये सतना एवं मैहर जिले की समस्त शासकीय आईटीआई संस्थाओं में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 23 सितंबर से 4 अक्टूबर 2024 तक सतना एवं मैहर जिले की शासकीय आईटीआई संस्थाओं में अलग-अलग तिथियों में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस सिंगरौली में सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर पद के लिये योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 23 सितंबर को शासकीय महाविद्यालय रामपुर बघेलान, 24 सितंबर को शासकीय आईटीआई बिरसिंहपुर, 25 सितंबर को जिला रोजगार कार्यालय सतना, 26 सितंबर को शासकीय आईटीआई उचेहरा, 27 सितंबर को शासकीय आईटीआई नागौद, 30 सितंबर को शासकीय आईटीआई रामनगर, 1 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई अमरपाटन, 3 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई मैहर, 4 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई सतना में प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आयु 19 से 40 वर्ष आयुवर्ग तथा 10वीं पास/फेल, 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं। भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए अनूप सिंह बैस मो. 7470803157 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# तुलसी वॉटरफॉल बना आकर्षण का केंद्र

## वॉटरफॉल को एक पर्यटन स्थल बनाने का कार्य शुरू, सुरक्षा के लिए लगी बैरिकेडिंग





**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** बरसात के मौसम में वॉटरफॉल और झीलों का प्राकृतिक सौंदर्य देखने के लिए पर्यटक दूर-दूर से निकल पड़ते हैं। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के मानिकपुर तहसील में स्थित तुलसी वॉटरफॉल इस समय खासकर पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बना हुआ है।

प्रकृति प्रेमी परिवारों के साथ यहां लखनऊ, दिल्ली, फतेहपुर और कानपुर से सैकड़ों लोग पहुंच रहे हैं। वॉटरफॉल से गिरते पानी के साथ उभरते धुएं का दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। पहाड़ों से गिरते पानी की आवाज और उसकी शीतलता हर किसी को प्रकृति के करीब ले आती है।

**विकास की दिशा में कदम:** तुलसी वॉटरफॉल को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए प्रशासन ने तेजी से कार्य शुरू कर दिया है। वन विभाग ने सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग कर दी है और पर्यटकों के लिए घूमने के अन्य साधन भी तैयार किए गए हैं। प्रतिदिन यहां 500 से 1000 लोग वॉटरफॉल का नजारा देखने आते हैं, लेकिन अभी तक टिकट की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

**पर्यटकों का अनुभव:** फतेहपुर से अपने परिवार के साथ आए सत्येंद्र का कहना है, "हम यहां अक्सर आते हैं। यहां की सुंदरता अद्भुत है और बच्चों के साथ समय बिताने के लिए यह एक बेहतरीन जगह है। हमने परिवार के साथ काफी इंजॉय किया और सेल्फी भी ली। तुलसी वॉटरफॉल की प्राकृतिक छटा अन्य पर्यटक स्थलों से बिल्कुल अलग है।"

प्रशासन के प्रयास और पर्यटकों का बढ़ता रुझान इस बात की गवाही देता है कि तुलसी वॉटरफॉल जल्द ही देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है। इस अद्भुत प्राकृतिक स्थल के प्रति लोगों की रुचि इसे एक विशेष पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत मैहर जिले में श्रमदान कर चलाया गया सफाई अभियान

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 अंतर्गत मैहर जिले में रविवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीयूष पाण्डेय के नेतृत्व में गत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमदरा में स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।